तापमान

अधिकतम 35.6 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 23 फरवरी 2025




10 सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई


11 धर्मेंद्र ने निकाला विजय जुलूस वरिष्ठजनों का लिया आशीर्वाद









## खबर संक्षेप

### वार्षिक सम्मेलन व मिलन समारोह आज

**भिलाई।** सर्ववर्गीय क्षत्रिय समाज का वार्षिक मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय समारोह 23 फरवरी रविवार को महाराष्ट्र मंडल भवन मालवीय नगर दुर्ग में सुबह 10 बजे से रखा गया है। मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। समाज के लोगों से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### गांजा तस्करी से कमाकर खरीदी संपत्ति फ्रीज

**भिलाई।** अवैध रुप से रखकर गांजा बेचने की कमाई से लिए गए संपत्ति को सफेमा के तहत कार्रवाई किया जा रहा है। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि दिसंबर 2024 को मी सूचना पर तितुरडीह दुर्ग निवासी सुमन बारले (पाण्डेय) ने किराये के मकान में गांजा रखकर बेच रही थी। पुलिस ने सुमन और पति शैलेन्द्र पाण्डेय,छोटी बहन अपचारी बालिका को पकड़ा था। सुमन मकान से 8 नग पैकेट मे सेलोटेप से लिपटा गांजा और बिक्री रकम 68 हजार 200 रूपयेजब्त किया। पुलिस को गांजा का कुल 16.782 किलो ग्राम मिला था। आरोपी सुमन बारले ने बयान दिया था कि परिवार के सदस्य पिता संतोष बारले , बहन दीपाली बारले , दादी रामबाई बारले, भाई अपचारी बालक गांजा और शराब लंबे समय से बेचते है। इस कारोबार से बाइक , एक्टीवा, सोने चांदी के जेवरात, नजुल सीट की भूमि खरीदा गया। जिसमें मकान निर्माण किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध क्रमांक 660/2024 धारा 20(ख),27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। इस अवैध कारोबार से अर्जित धन को धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर प्रतिवेदन सफेमा कोर्ट मुंबई को भेजा गया। इस दौरान सफेमा कोर्ट से आरोपियो को उक्त संपत्ति खरीदने को लेकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। संपत्ति को लेकर आरोपियों ने सफेमा कोर्ट मे जवाब प्रस्तुत नही करने पर उक्त न्यायालय द्वारा प्रकरण मे जप्त उक्त संपत्ति की बिक्री से मिले नगदी रकम 68 हजार 200 रूपये, निर्माणाधीन मकान कीमती 30 लाख, बैंक में जमा राशि 6 लाख 55 हजार 252 रूपये,बाइक 1 लाख, एक्टिवा 50 हजार रूपये कुल करीब 40 लाख रूपये को फ्रीजिंग करने का आदेश दिया है।

### कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 7 लोग सवार थे, 3 गंभीर

# प्रयाग महाकुंभ से भिलाई लौट रहे परिवार के साथ सड़क हादसा, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रायगराज महाकुंभ से भिलाई लौट रहे एक परिवार के नौ लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए है। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीन गंभीर रुप से घायल है। पांच लोगों को सामान्य चोटे आई है। मिली जानकारी के मुताबिक बी /3, स्ट्रीट 2 आशीष नगर (पश्चिम) निवासी राखी सिकदार अपने परिवार कार्तिक सिकदार, रेखा देव, सुधांशु विश्वास, शंखु विश्वास, आरती विश्वास, प्रेम अर्टिगा कार सीजी 07 बीएस 3173 में सवार होकर प्रयागराज के लिए 19 फरवरी को भिलाई से निकले थे। सभी कुंभ में स्नान करने के बाद परिवार समेत भिलाई शुक्रवार को लौट रहे थे। इस दौरान कार की रफ्तार जेत होने से अनियंत्रित होकर एमपी के शहडोल-पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच में पेड से टकरा फिर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में सेक्टर 9 अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स राखी सिकदार को सिर समेत शरीर में विभिन्न जगह पर चोट आने से मौत हो गई। सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग ले जाया गया। वहीं तीन लोग कार्तिक, सुधांशु और चालक प्रेम गंभीर रुप से घायल होने से जबलपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। राखी के शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा गया है, फिलहाल शव को सेक्टर-9 अस्पताल के मरचूरी में रखा गया है।



### कार की रफ्तार काफी तेज थी

कार की रफ्तार तेज होने से लोग हादसे का शिकार हो गए। कार का कांच पूरी तरह से बंद था इस कारण रफ्तार का आंकलन ड्राइवर नहीं कर पाया। जिससे कार अनियंत्रित होकर सीधे पेड से टकरा कर सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरी। हादसे के समय सड़क सुनसान था आधे घंटे बाद आता जाते लोगों ने कार सड़क हादसे की जानकारी बजाग पुलिस को दिया। तब घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के मृतका राखी अपने भांजे के परिवार के साथ प्रयागराज गई हुई थी।

### तीन की हालत है गंभीर

सड़क हादसे में घायल 6 लोगों का उपचार एमपी के जबलपुर में जारी है। तीन की स्थिति गंभीर होने से उन्हें जबलपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। रिसाली में घटना के बाद से अन्य परिजन घायलों की जानकारी हासिल करने में जुटे हुए है। लेकिन खबर लिखे जाने तक तीन लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। रिसाली के परिजनों मुताबिक 19 फरवरी को सभी हंसी खुशी से प्रायागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए निकले थे। लेकिन तीन दिन बाद हादसे की खबर आने पर सबसे झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल मृतका राखी का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया जाना है। शव को अभी मरचूरी में रखा गया है।

### शास्त्री अस्पताल सुपेला की घटना

# महिला के गर्भ में बच्चे की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- महिला डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप
- समय रहते नहीं किया महिला को रेफर

गर्भवती महिला का बच्चा पेट में ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने महिला को 24 घंटे तक अस्पताल में रखा उसके बाद उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया।

जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की गर्भ में मौत हो गई है। खबर सुनकर परिजनों ने जमकर हंगामा कर कार्रवाई की मांग करते रहे। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का यह मामला है। परिजनों का आरोप है कि सुपेला अस्पताल की महिला डॉक्टर सही समय पर प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर करती तो गर्भ में पल रहे बच्चे की जान बच जाती। मितानिन उर्वशी देवांगन के मुताबिक 17 फरवरी को पल्लवी यादव को प्रसव पीड़ा हुई थी। जब उसने देखा कि बच्चा होने का समय नजदीक है, तो उसने परिजनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर जाने की सलाह दी। अगले दिन शाम को जब महिला की तबीयत अधिक खराब हुई तो अस्पताल के कर्मियों ने कहा कि प्रसूता को जिला अस्पताल लेकर जाओ। यहां रात में सीजर ऑपरेशन नहीं होता। इसके बाद जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने शिफ्ट चेंज होने की बात कहकर काफी देरी करते रहे। रात में चेक करने के बाद बच्चे को मरा बता दिया। जो साढे तीन किलो का था। मितानिन ने बताया कि प्रसूता को इतनी अधिक पीड़ा हो रही थी कि, वो पूरी रात अस्पताल में चलती रही। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे समझाया और कहा कि नार्मल डिलीवरी हो जाएगी। इसके बाद सुबह उसका चेकअप नहीं किया। लापरवाही बरती गई है।

### परिजनों का आरोप गलत

परिजनों के द्वारा जो भी आरोप लगा रहे है वो गलत है। डॉक्टरों ने प्रसूता को समझाकर उसकी जांच की। बच्चे की धड़कन कम हो गई है, तो उसे तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। इसमें कही भी कोई लापरवाही नहीं की गई।

डॉ. पीयम सिंह प्रभारी, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला

# जेल की शांति व खामोशी ने किया मुझे बेहद मजबूतः विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जमानत पर रिहा हुए। शुक्रवार की देररात में सेक्टर-1 चौक पर उन्होंने एक छोटी सभा की, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों के समक्ष 17 अगस्त 2024 के बाद से जेल में बिताए समय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान के घर देर है अंधेर नहीं, सच को छिपाया नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देकर पहले ही जवाब दे दिया है। उन्होंने फर्जी शपथपत्र मामले में बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बहुत उछल रहे थे, सुप्रीम कोर्ट से उन्हें भी जवाब मिल गया है। कोर्ट ने स्टे दे दिया है। इधर शनिवार को उनके खिलाफ गंज थाना रायपुर में एक और एफआईआर दर्ज होने के बाद से उनके समर्थकों में खासी निराशा है। पुलिस ने देवेंद्र यादव के अलावा सुबोध हरितवाल, शांतनु झा, आकाश शर्मा, शोएब ढेबर, अतीक मेमन, फराज, फरदीन खोखर, अनवर हुसैन, शेख वसीम, भिलाई की पूर्व महापौर नीता लोधी, बाबी पांडे, शिबली मेराज खान पर सड़क जाम करने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

### देवेंद्र ने बताई जेल की आपबीती

सेक्टर-1 में समर्थकों के सामने बात रखते हुए देवेंद्र ने कहा कि वे करीब 6 महीने जेल में रहे। इस दौरान उन्होंने बहुत कुछ देखा और समझा। वे हर दिन शाम के समय गुजरने वाली फ्लाइट की लाइट देखा करते थे, हैलिकाप्टर देखा करते थे। बाहर से आते शोर के बीच जेल के अंदर की शांति महसूस किया करते थे। जेल की इस शांति और खामोशी ने और अधिक मजबूत किया है। आपका भाई, दोस्त और बेटा आज जेल से बाहर है। वहां की अपनी एक अलग जिंदगी है। लोग उसे डर से देखते हैं, लेकिन वहां भी इंसान जीवन यापन करते हैं।

### नेहरू भी रहे 11 साल जेल में

उन्होंने कहा कि मेरे साथ हुए घटनाक्रम को मेरे समर्थक गुस्से से न देखें, मेरे साथ सिर्फ राजनीतिक हुई है। आपके बीच ही मेरी परवरिश हुई है। मैं हमेशा आपका मान-सम्मान बढ़ाने का काम करुंगा, इस बात को भली-भांति समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ 6 महीने जेल में रहा, जवाहर लाल नेहरू, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे नेता कई सालों तक जेल में रहे। नेहरू जी 11 साल जेल में रहे। उनकी क्या सोच रही होगी, उनकी सोच ने ही हमें भिलाई जैसा शहर दिया, जहां पूरे देश के जाति, संप्रदाय के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हम लिब्रर लोग हैं।

### मकान से बाइक चोरी

**भिलाई।** मकान से बाइक चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत कार्रवाई किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 18 कुम्हारी निवासी सुमीत पटेल चिकन सेंटर के नाम से कुम्हारी बाजार में दुकान है। दुकान को बंद कर रात को अपने घर चला गया। मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सीजी 07 सीडब्लू 7679 को पार कर फरार हो गया।जिसकी कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। बाइक नहीं मिलने पर पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि चोरी की वारदात जिले में लगातार बढ़ गई है। पुलिस पेट्रोलिंग भी चोरों पर लगाम नहीं कस पा रही है। इसके कारण चोरी की वारदात लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते कुम्हारी, सिविक सेंटर, हथखोज औद्योगिक नगर आसपास के एरिया में चोरी की वारदात आम हो गई है। पुलिस का सुरक्षा व्यवस्था चोरी की वारदात होने से पूरी तरह फेल होती दिखाई दे रही है।

# श्रमिक के ऊपर लोहा गिरने से मौत परिजनों का मुआवजे को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- मिउरा इंफ्रास्ट्रक्चर फैक्ट्री की घटना

मजदूर की काम करते समय भारी वजनदार पार्टस श्रमिक के सीने में गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह की है लेकिन कंपनी प्रबंधन ने परिजनों को शाम को जानकारी दी। शनिवार को शव को पीएम के लिए सुपेला लाया गया है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक हथखोज भिलाई तीन स्थित मिउरा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड है जहां पर इंदिरा नगर चरोदा निवासी प्रवीण चंद्रिकापुरे 32 वर्ष बीते 6 माह से हेल्पर के रुप में काम कर रहा था।शुक्रवार को अपने घर से रोज की भांति मिउरा इंफ्रास्ट्रक्चर फैक्ट्री में काम जाने के लिए निकला था। सुबह फैक्ट्री में क्रेन से लोहे का भारी चीज उठाया जा रहा था। तभी ऊंचाई से मेटल पाट्र्स खसकाते समय अचानक सीने में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में प्रवीण के सीने में गंभीर चोट आई और नाक से खून भी निकल रहा था। कंपनी प्रबंधन ने पहले सुपेला के निजी अस्पताल में प्रवीण को लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करने के बाद सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल मरचूरी में भेजा गया। घटना की खबर लगते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और शव को देख रोते रहे। मिउरा फैक्ट्री में ठेका श्रमिकों को सुरक्षा के संसाधन तक नहीं दिए जाते है। जान जोखिम में डालकर काम करने का आरोप परिजनों ने लगाया है। काम के दौरान मृतक हेलमेट और सेफ्टी शू तक नहीं पहना था। मिउरा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड संचालक गौरव हिमातसिंघका है।

### रक्त का अंदरुनी स्त्राव से मौत

खबर है कि प्रवीण चंद्रिकापुरे को सीने में चोट लगने से अंदरुनी रक्त स्त्राव से मौत हुई है। भिलाई तीन पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा। शनिवार को पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गाया है। शव लेने के बाद परिजनों ने चरोदा बस्ती के मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। प्रवीण की मौत को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच मुआवजा की राशि को लेकर बातचीत चिया जा रहा था। इस दौरान प्रबंधन ने मृतक के परिवार को 11 लाख रुपए देने का आश्वासन देने की खबर है।

### धमधा में आज सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी वोटिंग

# तीसरे चरण में 1.67 लाख मतदाता करेगें आज मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### बनाए गए 308 बूथ, पहले व दूसरे चरण से ज्यादा सरपंच व पंच लड़ रहे चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत का अंतिम व तीसरे चरण का चुनाव 23 फरवरी को होगा। तीसरे चरण के चुनाव के बाद जिला पंचायत में कौन सी पार्टी का दबदबा रहेगा, यह तय हो जाएगा। इसलिए तीसरे चरण के चुनाव को अहम माना जा रहा हैं। दूसरे चरण तक जिला पंचायत के बारह सीट में भाजपा को चार व कांग्रेस को तीन सीट मिले है। जबकि एक भाजपा के बागी प्रत्याशी हैं। जानकारी अनुसार तीसरे चरण के चुनाव में एक लाख 67733 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए 308 बूथ बनाए गए है। जहां सुरक्षा बल से लेकर मतदाताओं के लिए छांव व पेयजल की सुविधा रखी गई हैं। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी और एडीएम अरविन्द एक्का ने मतदान सामग्री वितरण केन्द्र चंदूलाल चंद्राकार शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम हरवंश मिरी, एसडीएम सोनाल डेविड, एसडीएम महेश सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### तीसरे चरण में सबसे ज्यादा पद

तीसरे और अंतिम चरण के लिए धमधा में 119 पंचायत व पंच के 1734 पद है, जो पहले व दूसरे चरण से ज्यादा हैं। यहां जनपद के 25 और जिला के चार पद के लिए चुनाव होगें। मतदान सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा। धमधा के 167733 मतदाता पंच, सरपंच के अलावा 4 जिला पंचायत सदस्य और 25 जनपद पंचायत सदस्य चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### जिपं के चार सीट के लिए मैदान में 21 प्रत्याशी

जिला पंचायत के चार सीट के लिए मैदान पर 21 प्रत्याशी के बीच मुकाबला हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पवन शर्मा, शिवकुमार वर्मा व तोरन लाल जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 2 अवधराम, दानेश्वर साहू, ईश्वरी निर्मलकर, लुमेश्वर सिंह पटेल, मनीष साहू, निकलेश कुमार साहू व सत्यम कुमार उमरे, क्षेत्र क्रमांक 3 अमिता बंजारे, चन्द्रकला मनहर, कल्याणी दिवाकर, लुकेश कुमार मारकण्डे, राधिका डहरिया, टिकेश्वर कुमर व उषा सोने, क्षेत्र क्रमांक 4 ज्ञानेश्वरी कुर्रे, हिमांशी कुर्रे, सरस्वती बंजारे व सरस्वती बाई रात्रे हैं। इस तरह सिर्फ क्षेत्र एक में त्रिकोणीय मुकाबला है।

### बस की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही बस ने बाइक सवार को अपने चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि 21 फरवरी की शाम साई मंदिर धमधा दुर्ग से धमधा की ओर जा रही बस सीजी 07 ई 6112 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 एल 2750 के चालक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अज्ञात बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब हो कि जिले में सड़क हादसा लगातार बढ़ रही है। ट्रैफिक पुलिस इस रोकने में पूरी तरह असफल हो रही है। माहभर में जिले में हादसे में दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ट्रैफिक पुलिस सिर्फ हेलमेट का चालान काटने में मस्त है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# हेमचंद ने तीन बार मेयर को जिताया, गजेन्द्र ने छठवीं बार निभाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

साठ वार्ड वाले नगरनिगम और विधानसभा क्षेत्र के विधायक गजेन्द्र यादव की राजनीतिक साख मजबूत हो गई। निगम में उनके द्वारा बांटे गए एक-एक टिकट से न सिर्फ उनकी राजनीतिक समझदारी उभरकर सामने आई, बल्कि उन्होने राजनीतिक साख को मजबूर करने में कामयाबी हासिल कर अपना औदा बढा लिया है। माना जा रहा है कि, आने वाले दिनों में उन्हें बढी जिम्मेदारी मिल सकती हैं। इससे पहले हेमचंद यादव ने विधायक रहते तीन बार अपनी पार्टी का मेयर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वही छठवी चुनाव में गजेन्द्र ने इस जिम्मेदारी को कायम रखा।

उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम के साठ सीट में पार्षदों की टिकट इस बार विधायक गजेन्द्र यादव की सहमति से ही बंटी थी। उन्होने इस चुनाव में करीब चालीस से अधिक नए चेहरे को टिकट दिया था। जिसमें ज्यादातर चेहरे जीतकर भी आए हैं। नगरनिगम में ऐसा पहली बार हुआ है कि, न सिर्फ महापौर के पुराने जीत के रिकार्ड टूट गए, बल्कि पार्षदों की ऐतिहासिक जीत से सीट भी पहली बार हासिल हुई। चुनाव से छः माह पहले ही विधायक इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे थे। उन्होने चुनाव के बीच भी करीब 54 से अधिक वार्डो में खुद ही प्रत्याशियों को जिताने ऐढी-चोटी की जोर लगा दी थी। टिकट वितरण को लेकर भी लेकर हडबडी न बरतकर सोच समझकर प्रत्याशी मैदान में उतारा। यही कारण है कि, पहली बार नगरनिगम मे भाजपा के चालीस पार्षद जीतकर आए और चुनावी रणनीति की आज बूरी-बूरी प्रशंसा हो रही हैं।

## मेयर और पार्षदों की बढ़ी जीत से विधायक की साख मजबूत, बढ़ेगा राजनीतिक कद

### विधायक का क्षेत्र इसलिए थी ज्यादा चुनौती



नगरनिगम का साठ वार्ड ही विधायक का विधानसभा क्षेत्र हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव निपटने के बाद दुर्ग में विधायक को मिले वोट की तुलना मेयर के मिले वोट से करते हैं। क्योकि क्षेत्र एक हैं। लेकिन इस चुनौती को विधायक ने धर्राशाही करने पूरी जोर लगाई और अपने जीत का रिकार्ड 48 हजार से बढकर 64 हजार की लीड अल्का बाघमार को दिलाने में सफलता हासिल की। वही विधानसभा का किला बचने से अब निगम और विधानसभा में एक ही पार्टी के जनप्रतिनिधि होगें, जिससे सामंजस्य भी बेहतर होगा।

### हेमचंद के बाद गजेन्द्र ने निभाई बखूबी जिम्मेदारी



विधायक की दुर्ग में बडी जिम्मेदारी हो जाती है कि, उन्हें अपनी पार्टी का महापौर स्थापित करना हैं। पुराने इतिहास के पन्नों को देखे तो वर्ष 1999 में सरोज पांडेय दो कार्यकाल तक बनी रही। दो कार्यकाल में बीजेपी के विधायक स्व हेमचंद यादव ने अपने जिम्मेदारी बखूबी निर्वहन किया और दो बार भाजपा की मेयर रही। तीसरी बार बीजेपी के ही शिव कुमार तमेर मेयर बने। इस दौरान विधायक के लिए नए चेहरो को जिताना चुनौती था। लेकिन उस दौरान भी स्व हेमंचद ने बूखबी जिम्मेदारी निभाई थी। चौथी बार यहां विधायक कांग्रेस के अरूण वोरा बने। हांलाकि संगठन की सक्रियता से निगम में भाजपा की मेयर बनी थी। इसके बाद मेयर चुनाव अप्रत्यक्षण प्रणाली से हुआ, इस दौरान विधायक और मेयर पहली बार कांग्रेस से दोनो पार्टी के रहे। वही वर्ष 2023 में विधायक गजेन्द्र यादव बने। उन्होने विधायक बनकर अपनी पार्टी का मेयर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई और भाजपा की मेयर बनाने में कामयाब रहे।

## समस्य : राजस्व वसूली में दुर्ग नगर निगम की फिसड्डी रिपोर्ट

# चुनाव के चक्कर में पिछड़ी वसूली मिली सिर्फ 27 फीसदी राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम इस बार राजस्व वसूली में औंधे मूंह गिर गया हैं। हालात यह हैं कि, फरवरी माह में हर साल आधे से ज्यादा वसूली हो जाया करती थी। लेकिन इस बार सिर्फ 27 फीसदी राजस्व की वसूली हुई हैं। इस साल लोकसभा के बाद निकाय चुनाव के कारण वसूली बुरी तरह से पिछड गई हैं। हालात यह है कि, निगम को अब हर माह वेतन जारी किए जाने की चिंता सताने लगी हैं।

नगरनिगम चुनाव में बडी संख्या में निगम कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो सीधे टैक्स से जुडे है। हद तब हो गई जब निर्वाचन आयोग द्वारा कई कर्मियों का गांव में भी ड्यूटी लगाई गई हैं। जिससे वसूली प्रभावित हुई हैं। जानकारी अनुसार स्पैरो कंपनी के हटने के बाद नगरनिगम ने बडे पैमाने पर बकायदार खोज निकाले है।

स्पैरों के कार्यकाल में हर साल 18-19 करोड ही वसूली होती थी। राजस्व अधिकारी आके बोरकर ने बताया कि, इस साल 2024-25 में करीब 30 करोड का टारगेट रखा गया है। जबकि वित्तिय वर्ष के सिर्फ डेढ माह से भी कम समय हैं। नगरनिगम ने अब तक सिर्फ 8 करोड रूपए ही वसूल कर पाई हैं। ऐसे में नगरनिगम को वेतन के लिए लाले होना पड सकता हैं।

### निर्वाचन आयोग ने शहर से लेकर गांव तक चुनाव में लगाए गए कर्मी




### दुकान भी नहीं बेच पाई निगम

नगरनिगम ने अपनी आय बढाने कोई प्रयास नही किया है। बस स्टैंड के पास बने जलगृह काम्पलेक्स और गंजपारा के पास बने काम्पलेक्स को बेचने में निगम प्रशासन ने अब तक सफलता हासिल नही की हैं। सैकडों दुकान उपलब्ध होने के बाद भी निगम इससे कौडी का लाभ नही ले पा रहा है। हालात यह है कि, दोनो स्थानों पर बनाए गए दुकान खंडहर होने के कगार पर हैं।

### कलेक्टर के आते ही हटाए गए कई कर्मी

नगरनिगम में प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी है। उनके आने के बाद प्लेसमेंट के आड में राज्य शासन के बगैर अनुमति के रखे गए कर्मियों को हटा दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि करीब चालीस से अधिक कर्मी को कलक्टर ने बाहर का रास्ता दिखाया हैं। कलेक्टर के इस कार्यवाही से खलबली मची हुई हैं।

### केन्द्र के निर्देश पर अमल नहीं, दुर्ग निगम अपात्र

हाल ही में प्रदेशभर के नगरीय निकायों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की गई है। जिसमें पिछले पांच साल के औसत वसूली को आधार बना गया है। हर साल वसूली में निगम को बढत दिखानी है। लेकिन दुर्ग निगम ने इस क्षेत्र में फिसड्डी रिपोर्ट हासिली की है। जिसके चलते दुर्ग, रायपुर, कोरबा, मनेन्द्रगढ, डोगरगढ, सारंगढ जैसे कई निकायों को अनुदान के लिए अपात्र की श्रेणी में रखा गया हैं। प्रदेश के 170 में सिर्फ 92 निकाय पात्र पाए गए। निकायों को केन्द्र द्वारा 15वीं वित्त के तहत अनुदान दिया जाता है। लेकिन इसका पालन करना अनिवार्य हैं।

## महाशिवरात्रि पर मेला 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

औद्योगिक नगर शिव मंदिर जवाहर नगर में महाशिवरात्रि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मेला, मानस सम्मेलन बालक-बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 5 बजे भगवान शिव का दर्शन एवं पूजन, 9 बजे दीप प्रज्वलन, 10 बजे पं. धर्मेंद्र अवस्थी द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक एं हवन पूजन, 11 बजे रामायण मंडली द्वारा मानस गान एवं भजन, शाम 5 बजे बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, 6 बजे मुख्य अतिथि का संबोधन और शाम 7 बजे से स्वरांजलि संगीत समिति द्वारा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता डॉ. श्रीमती मानसी गुलाटी करेंगी। विशेष अतिथि विशेष अतिथि पूर्व महापौर नगर निगम धीरज बाकलीवाल, अशोक राठी, प्रकाश सांखला, दिनेश देवांगन, मनमोहन शर्मा घनश्याम नाथ सोलंकी, योगी महाराज, रघुनंदन ठाकुर, ऋषि कुमार साहू, मनोज,आदि मौजूद रहेंगे।

## सभापति के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त शपथ ग्रहण की तारीख तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में शपथ ग्रहण के साथ ही सभापति के चयन को लेकर कवायद तेज हो गई हैं। प्रदेश भाजपा ने दुर्ग नगरनिगम में सभापति चयन के लिए प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तय को पर्यवेक्षक बनाया है। जिसके बाद ऐसी उम्मीद है कि, एक दो दिन वे दुर्ग पहुंचकर संगठन के साथ राय-मशविरा करेगें।

- एक दो दिन में पर्यवेक्षक पहुंच सकते है दुर्ग शहर

इधर तीन मार्च के पहले प्रथम सम्मेलन कराने राज्य शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। लेकिन शपथ ग्रहण की तिथि अब तक तय नही हो पाई है। ऐसे लगता हैं कि, भाजपा पहले सभापति के नाम पर मुहर लगाएगी, उसके बाद ही प्रथम सम्मेलन के दिन सभापति का चुनाव होगा। साठ वार्ड वाले नगरनिगम में भाजपा के चालीस पार्षद जीतकर आए हैं। जीत के बाद अब सभापति को लेकर कसरत शुरू हो गई हैं। इधर भाजपा पार्षद मुख्यमंत्री के जन्मदिन के बहाने जमकर अपनी उपस्थिति दे रहे हैं। वही जीतकर आए भाजपा के दर्जनभर पार्षद संगठन और विधायक खेमे में जोर लगा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, भाजपा सभापति के लिए नए चेहरे पर विचार कर रही है। क्योकि इससे पहले भी सभापति के लिए नए चेहरे को मौका दिया गया था। इसलिए भी लाजिमी है कि, भाजपा सभापति के लिए नए नाम पर्यवेक्षक के सामने रख सकती है। बहरहाल प्रमुखता से अब तक नाम सामने नही आए हैं। भाजपा की रीति रही है कि, जो भी करते है, उसे वे उजागर नही करते हैं।

### नेता प्रतिपक्ष को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं

शहर में कांग्रेस की बुरी तरह से हार के बाद आगे पार्टी रणनीति ही तय नही कर पा रही हैं। नेता प्रतिपक्ष के लिए अब तक चर्चा ही नही हो पाई हैं। चुनाव में हार के बाद संगठन के एक भी नेता ने न जिम्मेदारी ली है और न ही समीक्षा करने दिन व तिथि तय है। हालात यह है कि, कांग्रेस की कोई रणनीति नही दिख रही हैं।

## मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की जनदर्शन में महिला ने की शिकायत

**दुर्ग।** औषधि प्रशासन विभाग की एक महिला कर्मी ने कलेक्टर जन दर्शन में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना किए जाने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की है। पीड़ित महिला ने अपने विभाग के उच्च अधिकारियों पर इस तरह के आरोप लगाए हैं। महिला कर्मी ने इसकी लिखीत शिकायत कलेक्टर से की है। इस मामले में सीएमएचओ डॉक्टर मनोज दानी का बयान सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जिसके अनुसार उन्होंने कहा है कि एक महिला ने कलेक्टर जन दर्शन में शिकायत की है। उनका कहना था कि उनके संज्ञान में आया था कि महिला महिला ने विभाग में कार्य अधिक होने के कारण इस तरह की शिकायत की थी। महिला कर्मी के इस मसले को लेकर उच्च अधिकारियों का गोल-मल जवाब सामने आ रहा है। जिसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बहरहाल इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह 12वीं की विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**दुर्ग।** द्वादश के भैया बहिनों का दीक्षांत समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय कसारीडीह में मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ अनिल पटेल तथा सुश्री तारिणी साहू थे। उन्होनें अपने अपने शिक्षा जीवन से जुड़े मूलभूत समस्याओं के बारे में अपने विचार छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। रमेश सोनारे आचार्य ने कक्षा द्वादश को जीवन में शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा एकादश



की बहन वैष्णवी साहू ने श्रीमती पूर्णिमा भौमिक दीदी के मार्गदर्शन में किया। कक्षा द्वादश ने विद्यालय को 2 स्टेंड फैन, घड़ी, सरस्वती माता का फोटो भेंट किए तथा शिक्षको को भेंट देकर सम्मानित किया गया।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों का निलंबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन कार्य में कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने व लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 (क) तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत कार्य किये जाने के फलस्वरूप राजेश ठाकुर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घसरा (विकास खंड धमधा), शिवनारायण पटेल, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खेरदा (विकास खंड धमधा), रजनीश महोबे सहा. ग्रेड-03 शास. उ.मा. शाला तिरगा (विकास खंड धमधा), धर्मेन्द्र कुमार सहा. शिक्षक शास. प्रा. शाला केम्प-2, भिलाई और बसंत यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका परिषद अहिवारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। निलंबन अवधि में श्री यादव का मुख्यालय कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत राजेश कुमार ठाकुर, शिवनारायण पटेल, रजनीश महोबे और धर्मेन्द्र कुमार की ड्यूटी नगर पालिका निगम दुर्ग के वार्ड क्र. 31 के मतदान दल में तथा श्री बसंत यादव की ड्यूटी नगर पालिका परिषद् अहिवारा में लगाई गई थी।

## जनपद में सरकार बनने को लेकर संशय

# निर्दलीय के भरोसे बनेगी जपं की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत दो चरण का मतदान हो चुका है। पहले चरण में दुर्ग और दूसरे चरण में पाटन जनपद में वोटिंग के बाद परिणाम भी सामने आ गए हैं। दोनो जनपद में जीत के आंकडों ने भाजपा और कांग्रेस को उलझाकर रख दिया हैं। क्योकि पूर्ण बहुमत के लिए दोनो ही पार्टी को पर्याप्त सीट नही मिले हैं। ऐसे में दोनो जनपद में यह स्पष्ट हो गया है कि, निर्दलीय के भरोसे ही सरकार बनेगी। अब यह बाजी भाजपा मारेगी या कांग्रेस यह समय बताएंगा।

- आंकड़ों ने उलझाया भाजपा व कांग्रेस को

उल्लेखनीय हैं कि, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दो चरण निपट चुका है। आज तीसरे चरण का चुनाव होना है। खैर जनपद क्षेत्र की बात करे तो परिणाम सामने आने के बाद किस पार्टी का दम यहां रहेगा, उसकी चर्चा होने लगी हैं। जानकारी अनुसार पहले चरण में दुर्ग जनपद का चुनाव हुआ था। यहां चौबीस सीट में बहुमत हासिल करने कम से कम 13 सीट चाहिए। लेकिन यहां भाजपा को 11 सीट मिले, वही कांग्रेस को 8 और पांच निर्दलीय ने कब्जा कर पूरा समीकरण बिगाड दिया। वही दूसरे चरण में पाटन जनपद के 25 सीट में बहुमत के लिए 13 सीट चाहिए। भाजपा को 11 सीट और कांग्रेस को 10 और यहां भी 4 निर्दलीय है। बताया जा रहा है कि, चार जो निर्दलीय है, वे कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लडे थे। ऐसे में इन पर कंट्रोल पर कांग्रेस की प्राथमिकता होगी। खैर आने वाले दिनों में दोनो पार्टी को बहुमत साबित करने पसीने बहाने पडेगें।

### पाटन जपं में करनी होगी माथापच्ची

पाटन के जनपद में भी किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत की स्थिति नही हैं। संभावित नाम के अनुसार भाजपा को दस सीट और कांग्रेस को आठ सीट बताए जा रहे है। वही निर्दलीय की संख्या में सात हो गई हैं। हांलाकि मतगणना के बाद आयोग द्वारा सारणीकरण का कार्य नही किया गया है। जिसके कारण स्थिति स्पष्ट नही हो रही है। इससे पहले भी संभावित नाम जारी किए गए थे।

### दुर्ग जनपद में भाजपा को 11 सीट

दुर्ग जनपद के चौबीस सीट में क्षेत्र क्रमांक 1 कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन भाजपा, 2 मिलवानतीन रेवाराम ठाकुर कांग्रेस, 3 नंद कुमार साहू स्वतंत्र, 4 राजेश ठाकुर कांग्रेस, 5 संतोषी कृष्ण देशमुख भाजपा, 6 संतोष निषाद स्वतंत्र, 7 रजनी कुमारी साहू भाजपा, 8 पूर्णिमा वर्मा भाजपा, 9 प्रतिभा देवांगन भाजपा, 10 गोकुल वर्मा भाजपा, 11 गोपाल कुमार यादव स्वतंत्र, 12 प्यारी बाई निषाद-कांग्रेस, 13 बेला बाई यादव भाजपा, 14 संगीता माखन साहू भाजपा, 15 किशोरी लाल देशमुख कांग्रेस, 16 दामिनी साहू कांग्रेस, 17 लीलावती रूपेश देशमुख कांग्रेस, 18 अजीत कुमार चंद्राकर भाजपा, 19 लोमश चंद्राकर (रिंकू) स्वतंत्र, 20 जितेंद्र टंडन भाजपा, 21 राकेश कुमार हिरवानी कांग्रेस, 22 झमित गायकवाड कांग्रेस, 23 बिंदु दिनेश देश लहरा भाजपा, 24 ढालेश साहू (राजू) स्वतंत्र ने जीत हासिल की हैं।






## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं BHOOLESH KUMARI पत्नी श्री रामदास निवासी नगला खुदा कुदरकोट औरैया उत्तर प्रदेश 206122 यह शपथ करतीं हूँ कि मैं अपने पुराने नाम की स्पेलिंग को त्याग कर अपने नाम की नयी स्पेलिंग BHULESH KUMARI कर लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BHULESH KUMARI पत्नी रामदास से जाना जावें।

भूलेश कुमारी पति रामदास
उतई दुर्ग भिलाई छ.ग.




# चुनावी व शादी के माहौल में डीजे व लाउडस्पीकर की कानफोड़ू शोर से खतरे में स्टूडेंट्स का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶निकुम

शहर से लेकर गांवों में हजारों बोर्ड परीक्षार्थी इन दिनों दसवीं ,बारहवीं बोर्ड एग्जाम ,सीबीएसई और कॉलेज सहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे है। महज 8 दिन बाद बोर्ड परीक्षा होगी। वहीं अब तो शहर के साथ गांवों में जमकर तेजतर्रार में कानफोड़ू आवाज में कई आयोजन में बैखौफ 120 से 150 डेसीबल में कानफोडू डीजे बज रही है। वही सार्वजनिक जगहों में बरसों से लगी लाउडस्पीकर भी तेज आवाज में बजा कर ध्वनि प्रदूषण का कहर ढह रही है। गौरतलब हो कि देवउठनी एकादशी ,जनवरी-फरवरी से शादी व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दर्जन भर लाउडस्पीकर सिस्टम व डीजे चुनावी अनुमति लेकर जमकर उत्पात मचाये है। वहीं अब चुनाव जीतने के बाद अलग-अलग दिन जीते हुए जनप्रतिनिधि अपनी विजय रैली निकाल रहे है।

### 2 मार्च से बोर्ड की परीक्षा शुरू, जिम्मेदार रोक लगाएं



दसवीं व बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चो के मेहनत मानो मुंग दल रहे है। सार्वजनिक तौर पर कई प्रतियोगिता मंच का आयोजन प्रत्येक गांव लगभग हो रहे है। पैसे कमाने की होड़ में जमकर डीजे सिस्टम गांव,गली मोहल्ले चला रहे है। प्रशासन के जिम्मेदार पदों में बैठे अधिकारी मौनव्रत कर बैठे है। वही परीक्षार्थी शोर गुल के कारण मन एकाग्रचित नहीं हो रहा है। परीक्षार्थियों में परीक्षा को लेकर मन में तनाव बैठना स्वाभिक है।

# ग्रामीणों व विद्यार्थियों को डिजिटल भुगतान, साइबर और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना बीआईटी दुर्ग द्वारा ग्राम भानपुरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन शनिवार को डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता और विद्यालय सौंदर्यीकरण पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर का संचालन बीआईटी प्राचार्य डॉ. अरुण अरोड़ा तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी और अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके अलावा सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश चंद्राकर इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग भी इस शिविर में महत्वपूर्ण



भूमिका निभा रहे हैं। तीसरे दिन की प्रमुख गतिविधियों में विद्यालय परिसर की सफाई और स्टूल डेकोरेशन शामिल रहा। जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए श्रमदान किया। इसी के साथ, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ नीरज

### डिजिटल व स्वच्छता पर जोर

खरया द्वारा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों और विद्यार्थियों को ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा, एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को डिजिटल तकनीकों से अवगत कराने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। शिविर के अंतर्गत होने वाली यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## निधन

### मिठुराम पटेल



दुर्ग। निकुम ग्राम पंचायत के पूर्व पंच मिठुराम पटेल (95 वर्ष) का निधन 22 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखीराम, भूषणलाल पटेल के पिता, कुंजिया पटेल के पति तथा सरपंच भागवत पटेल के नाना थे।

### राखी सिकदार



भिलाई। सेक्टर 9 हस्पिटल की सेवानिवृत्त कर्मचारी राखी सिकदार का एक सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया। वे कार्तिक सिकदार की पत्नी तथा स्निग्धा, शर्बानी और अभिषेक सिकदार की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में 23 फरवरी की सुबह 11 बजे किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास- बी/3, स्ट्रीट 2 आशीष नगर पश्चिम से सुबह साढ़े 10 बजे निकलेगी।

### अंजलि उदंडकर



भिलाई। बीएसपी के रिटायर सीजीएम विजिलेंस सुबोध उदंडकर की पत्नी अंजलि उदंडकर का 22 फरवरी की शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 फरवरी को 321, गुलमोहर, बिल्डिंग -6, ब्लॉक-ए, तालपुरी से निकलेगी। अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया

# सेलूद-चुनकट्टा मार्ग पर हर समय हादसे का खतरा, हो चुकी शिक्षिका की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

उतई से पाटन मार्ग पर सेलूद-चुनकट्टा की तरफ आए दिन हो रहे सड़क हादसों ने ग्रामीणों को आक्रोशित कर दिया है। पिछले दिनों हाईवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत हो गई थी। इस मार्ग से किसान जहां धान बेचने के लिए पहुंचते हैं। वहीं स्कूली बच्चों की भी आवाजाही है। इसे लेकर ग्रामीण खासे भयभीत भी हैं। उन्होंने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपकर इस मार्ग पर सुरक्षा लिहाज से ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है। समाजसेवी और भाजपा नेता अशोक राव तान्दुलकर एवं राजू गुप्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन में कहा कि सेलूद धान सग्रहण केंद्र के लगभग चार फड़ सग्रहण केंद्र हैं। वहीं खाद गोदाम के साथ लगभग सेलूद क्षेत्र में पच्चीस से तीस गिट्टी खदान और पत्थरों की माइन्स है। औद्योगिक क्षेत्र है। उतई पाटन नवनिर्मित रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही 24 घंटे बनी रहती है, जो अनियंत्रित स्पीड से दौड़ रहे हैं। आए दिन सेलूद-चुनकट्टा मार्ग पर दुर्घटना हो रही है। एक शिक्षिका डम्फर का शिकार हो चुकी है। कई कामकाजी महिलाएं और स्कूली बच्चे इस मार्ग से आवाजाही करते हैं। जनहित में दुर्घटनाएं रोकने आवश्यक पहल की जरुरत है। 15 से 20 जगहों पर स्टॉपर या ब्रेकर का निर्माण आवश्यक है। धर्मकांटा तिरहा पर धान सग्रहण केंद्र के पास ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था शीघ्र कर सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। अन्यथा ग्रामीणों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### ग्रामीणों ने ब्रेकर बनाने की मांग





### महीनेभर में 6 बड़ी घटनाएं, लगातार हो रहे हादसे

अशोक राव ने बताया कि महीनेभर के अंदर ही 6 बड़े हादसे हो चुके हैं। शिक्षिका की घटना सभी को मालूम है, लेकिन एक हाईवा चालक भी हादसे का शिकार हो चुका है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। चौक और इसके आसपास भारी वाहनों की वजह से पूरे क्षेत्र में दहशत की स्थिति है। कई बार शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित है। इसलिए समय रहते ब्रेकर का निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

# धर्मेंद्र ने निकाला विजय जुलूस वरिष्ठजनों का लिया आशीर्वाद

### शासन की योजनाओं का मिलेगा सभी को लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶उतई

ग्राम पंचायत डूमरडीह के नव निर्वाचित युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे एवं उनके पंच और समर्थकों ने निकाला ग्राम मे विजय जुलूस। इस दौरान उतई नगर के नवनिर्वाचित युवा पार्षद राकेश साहू ने सरपंच धर्मेंद्र बंजारे और युवा पंच नवलकिशोर सिंह का शाल,श्रीफल देकर सम्मान किया और जीत की बधाई दिया। जुलूस में ग्रामीणों की भीड़ बड़ी संख्या में नजर आई। पहली बार ग्राम डूमरडीह में गंगा नगर से सरपंच बना है जिसको लेकर भारी उत्साह देखा गया। युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने जुलूस के दौरान ग्राम के सभी वरिष्ठों का प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और सभी का आभार माना। युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने ग्रामवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि किसी को भी जब भी मेरी आवश्यकता पड़े मैं 24 घंटे सेवा के लिए तैयार रहूंगा। ग्राम विकास में किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं आएगी। सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। बस स्टैंड उतई और डूमरडीह का मामला लंबित है उसके लिए निराकरण करने रास्ता निकाला जाएगा।

- **नवनिर्वाचित सरपंच धर्मेंद्र बंजारे का उतई नगर के युवा पार्षद राकेश साहू ने किया सम्मान**






## सरपंच की सीट सामान्य होने की वजह दो दोस्त चुनाव में आपस में भिड़े

# कांग्रेस के रुपेंद्र बने जामगांव आर के सरपंच भाजपा के नरेश को एक वोट से किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जांमगांव आर

सरपंच पद सामान्य होने के कारण दो दोस्त चुनाव में आपसी प्रतिद्वंदी बनकर चुनाव लड़े और जमकर मतदाताओं से संपर्क साधे। कांग्रेसी दोस्त रूपेंद्र शुक्ला भाजपाई दोस्त नरेश केला को 1 वोट की करारी शिकस्त देते हुए ग्राम पंचायत जामगांव आर के सरपंच चुने गए। इन दोस्तों के द्वारा अतीत में लड़े गए जनपद पंचायत चुनाव की याद ताजा हो गई। दोनों दोस्त जनपद सदस्य प्रत्याशी बनकर तीन पंचवर्षीय पहले चुनाव लड़े थे उस समय भी कांग्रेसी दोस्त रूपेंद्र शुक्ला ने मात्र 3 वोट की करारी शिकस्त देते हुए भाजपाई दोस्त नरेश केला को हराकर जनपद सदस्य बनने में सफल हुए थे। इन दोनों चुनाव में भाजपाई दोस्त नरेश केला ने रिकॉन्टिंग नहीं कराए और जो जीता वो सिकंदर वाली कहावत को स्वीकार्य करते हुए दोस्त को सुकून और शांतिपूर्वक पहले जनपद सदस्य और अब सरपंच पद पर आसीन होते देख रहे है।





### चुनाव खिलाड़ी भावना के साथ लड़ना चाहिए

सीनियर सिटीजन रामेश्वर साहू 95 वर्षीय व विश्राम साहू कहते है चुनाव लड़े और लड़ाए सबका उद्देश्य ग्राम का विकास है। जिनको मौका मिला वे विकास में भरपूर ध्यान दे। जो जीते वे जानते है कि वे कितनी कड़ी मेहनत और अनेक विषम परिस्थितियों को बमुश्किल हैंडल करने के बाद पार लगे है। और जो हारे वे हार के कारण को तलाशते हुए अपने खास लोगों की परीक्षण में जुट गए है। मेहनत और चौकन्ना रहने में कहा कमी रह गई तलाशते हुए चिंतन करने लगते है अनुभवी राजनीतिक लोग कहते है चुनाव खिलाड़ी भावना से लड़ना चाहिए। जो जीतता है उन्हें पूरे गांव समर्थन हासिल नहीं होता है लगभग एक तिहाई मतों में ही वे पदासीन हो जाते है धीरे-धीरे अच्छी कार्यशैली से चाहने वालों की संख्या स्वमेव बढ़ने लगती है।

### सरपंच प्रत्याशी पंच नंदनी साहू ने दी दोनों दोस्तों को 400 पार जबरदस्त टक्कर

इन दोनों दोस्तों के अलावा गत पंचवर्षीय के उप सरपंच देवकी चंद्राकर और पंच नंदनी साहू ने भी सरपंच प्रत्याशी बनकर धुंआधार चुनाव प्रचार में लग गए। पंच नंदनी साहू की रणनीति इतनी तगड़ी रही कि 406 मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया नरेश केला ने 418 मतदताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने में सफल हो पाए नरेश केला से मात्र 1 मत अधिक 419 मत प्राप्त ग्रामपंचायत जामगांव आर के सरपंच बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। उपसरपंच देवकी चंद्राकर ने भी सरपंच प्रत्याशी बनकर प्रयास किए।

### भाजपा नेत्री कल्पना जिपं सदस्य रामकुमार जस निर्वाचित हुए



देवकी चंद्राकर के सुपुत्र अभिषेक चंद्राकर एवं निवर्तमान जनपद सदस्य रूपचंद साहू जनपद सदस्य प्रत्याशी बनकर नवनिर्वाचित जनपद सदस्य भाजपा नेता रामकुमार चंद्राकर को जबरदस्त टक्कर दिए। जिला पंचायत सदस्य के रूप भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू विजय हुईं। इन्होंने ने जिला पंचायत गत पंचवर्षीय उपाध्यक्ष अशोक साहू की धर्मपत्नी सुमन साहू को हराया।

## खबर संक्षेप

### आज भोजली में गीता जयंती महापर्व

**अंडा।** कोसरिया यादव समाज सर्किल खांड़ा के तत्वावधान में गीता जयंती महापर्व गीता ग्रंथ पूजा एवं शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल-ग्राम भोथली 23 फरवरी को आयोजित है। कार्यक्रम का विवरण सुबह 10 बजे शोभायात्रा तथा ग्राम भ्रमण, गीता बांथ पूजा कार्यक्रम सामाजिक यादव बधुओं तथा उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान कार्यक्रम,पंडवानी कार्यक्रम कु. सोनम साहू,मुख्य अतिथिओं का सम्मान तथा सर्किल पदाधिकारीयों का सम्मान कार्यक्रम,मंच संचालक, यादव समाज का गौरव सम्मान-खिलेन्द्र कुमार संजू यादव पिता सुदर्शन लाल यादव सर्किल खांड़ा नई दिल्ली से सम्मानित व सहित कोसरिया यादव समाज सर्किल खांड़ा व आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी यादव समाज के अध्यक्ष गुमेन्द्र यादव और भारत यादव ने दी।

### टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नवम्बर 2024 से मार्च 2025 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 24 फरवरी से 1 मार्च 2025 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 24 फरवरी को मरोदा सेक्टर व रिसाली, 25 फरवरी को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा व सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, 26 फरवरी को रूआबांधा सेक्टर, 27 फरवरी को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा व रसियन कॉम्पलेक्स, 28 फरवरी को सेक्टर-05 व इंदिरा प्लेस तथा 01 मार्च को सेक्टर-3। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### दुर्ग व रायपुर स्टेशन से 28 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

# महाकुंभ मेले में भीड़ की वजह से ट्रेनें 10 घंटे लेट, केसिंल हो रही ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

महाकुंभ मेले में स्पेशल ट्रेनों की संख्या ज्यादा होने की वजह से नियमित ट्रेनों के परिचालन में दिक्कतें आने लगी है। हाल यह है कि ये ट्रेनें भी 8 से 10 घंटे देरी से चल रही है। ज्यादा देरी से चलने की वजह से दूसरी ओर से आने वाली ट्रेनों का परिचालन नहीं हो पा रहा। मौजूदा स्थिति को देखते हुए भी रेलवे को एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द करनी पड़ रही है। अधिक देरी से चलने के कारण रेलवे द्वारा 21फरवरी शुक्रवार को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा मुंबई एक्सप्रेस को रद्द करना पड़ा। 23 फरवरी को मुंबई से चलने वाली 12869 मुंबई हावड़ा एक्सप्रेस को भी रद्द कर दी गई।



### पहले इन दिनों रद्द थी सारनाथ एक्सप्रेस

रेलवे ने पहले गाड़ी संख्या 15160 व 15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन 19, 20 एवं 21 फरवरी को रद्द कर दी थी। दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को 21, 22 एवं 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द किया गया था।

### दस दिन और रद्द रहेगी सारनाथ एक्सप्रेस

दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस फिर से रद्द कर दी गई है। पहले यह ट्रेन अप व डाउन में छह दिन रद्द की गई थी। अब यह ट्रेन अप व डाउन मिलाकर दस दिन और नहीं चलेगी। नौतनवा एक्सप्रेस भी दो दिन नहीं चलाई जाएगी। इधर प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने के लिए दुर्ग व रायपुर स्टेशन से अब तक 28 स्पेशल ट्रेनें चल चुकी है। इन ट्रेनों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज पहुंचकर गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने के लिए यह बड़ी सुविधा है। स्टेशनों में श्रद्धालुओं की इतनी ज्यादा भीड़ हो गई है कि उन्हे नियंत्रित करने के लिए रेलवे और आरपीएफ को अतिरिक्त स्टॉफ लगाने की जरूरत पड़ रही है। दुर्गए भिलाई सहित पूरे दुर्ग संभाग से लोग महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों में यात्रा कर रहे हैं।

### अब इन दिनों नहीं चलेगी सारनाथ

रेलवे ने 22, 23, 24, 25 एवं 26 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग.छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द कर दी है। 24, 25, 26, 27 व 28 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा . दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग.नौतनवा एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है। इसी प्रकार वापसी में 28 फरवरी को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा. दुर्ग नहीं चलाई जाएगी।

### प्रयागराज महाकुंभ के लिए चलाई जा रही 28 कुंभ स्पेशल ट्रेनें

प्रयागराज महाकुंभ मेले में दुर्ग, भिलाई सहित दुर्ग संभाग के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रायपुर एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित अन्य जोनल रेलवे से चलने वाली 56 कुंभ स्पेशल ट्रेने रायपुर रेल मंडल से गुजर चुकी है। जिसमें रायपुर रेल मंडल से 28 कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया। इसके अलावा दुर्ग छपराए सारनाथ एक्सप्रेसए दुर्ग नौतनवाए गोंदिया.बरौनी एक्सप्रेस से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज त्रिवेणी में स्नान किया।

### कुंभ स्पेशल से हजारों श्रद्धालुओं ने की यात्रा



कुंभ स्पेशल ट्रेनो से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित इस्पात नगरी भिलाई, दुर्ग, डोंगरगढ़, भाटापारा, उसलापुर, अनूपपुर, पेंड्रारोड, शहडोल, मध्य प्रदेश के उमरिया,कटनी, सतना, जबलपुर एवं महाराष्ट्र के गोंदिया इत्यादि स्टेशनों से हजारों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में संगम की डुबकी लगाई।महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों में सामान्य श्रेणी,स्लीपर एवं वातानुकूलित सहित 12 अतिरिक्त कोच भी लगाए गए।

### टिकट काउंटरों पर यह व्यवस्था

टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ न हो यात्री व्यवस्थित होकर टिकट ले इस हेतु समुचित टिकट काउंटरों की व्यवस्था की गई है। टिकट पर्यवेक्षकों को नर्दिशित किया गया है कि टिकट काउंटर पर भीड़ की व्यवस्था की निगरानी रखेंगे एवं उच्च अधिकारियों एवं वाणज्यि कंट्रोल को सूचित करेंगे। रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन पर रायपुर रेल मंडल में सर्वाधिक यात्रियों का आवागमन रहता है। वर्तमान में रायपुर स्टेशन पर 5 आरक्षित टिकट काउंटर एवं 5 अनारक्षित टिकट काउंटर एवं दुर्ग स्टेशन पर 3 आरक्षित काउंटर एवं 3 आरक्षित काउंटर उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बनाने हेतु भी जागरूक किया गया यात्री एटीएम ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से भी टिकट प्राप्त कर रहे हैं। शहर में बने यात्री टिकट सुविधा केंद्र के माध्यम से भी आरक्षित टिकट प्राप्त किया।

### क्राउड मैनेजमेंट कर रहा स्टॉफ

ट्रेनों में टीटीई सुरक्षा बलों को निर्देशित किया गया कि वह क्राउड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देंगे एवं यात्रियों की यात्री सुविधाओं को सुनश्चिति करेंगे रेल नियमों का पालन करते हुए यात्रियों से सौम्य व्यवहार के साथ उन्हें अपने गंतव्य स्टेशन तक की यात्रा कराएंगे।

### स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टॉफ की ड्यूटी

रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाया गया है। जिससे यात्रियों को किसी भी सुविधा का सामना न करना पड़े। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के निर्देशन में कुंभ मेला श्रद्धालुओं के लिए रेलवे अधिकारियों, मुख्य वाणज्यि निरीक्षकों, रेलवे सुरक्षा बलों अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टॉफ, मेडिकल स्टाफ को स्टेशनों पर यात्रियों की व्यवस्था हेतु नामित किया गया है। जो स्टेशनों पर लगातार यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुगम एवं व्यवस्थित तरीके से ट्रेनों में यात्रियों के चढ़ने, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म का उपयोग करते समय सावधानी रखने, लिफ्ट ओवरलोडेड ना हो। एस्केलेटर का संचालन सही हो। इसकी सुनश्चितिता एवं सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था संभाली। यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने एवं ट्रेनों से उतरते समय कोच से निकासी एवं प्रवेश हेतु पंक्तिबद्ध किया गया। अनाउंसमेंट के द्वारा यात्रियों को लगातार अपडेट करते रहे।

# विजयी प्रत्याशियों ने माना विधायक ललित का आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

\स्थानीय चुनाव में भाजपा के खेमें में जीत की बड़ी खुशी आई है। कुछ स्थानों को छोड़कर सभी स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने चुनाव में जीत हासिल किया है।

स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष, सरपंच , पंच नवनिर्वाचित प्रत्याशियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से उनके निज निवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। चंद्राकर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने का आव्हान किया।

विधायक ललित चंद्राकर के निवास में मुलाकात करने वाले में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, पार्षद केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मल, निशा सोनी, बाबा वर्मा, अन्नपूर्णा पटेल, संगीता धुरंधर, देवेंद्र ठाकुर, प्रकाश बिजोरा, नारायण पटेल, बाबा वर्मा, अमित वर्मा, सरपंच युगल किशोर चंद्राकर, राजू ओमेश्वर यादव, खिलेश्वर साहू, रामावतार यादव, खूबचंद नेताम, निर्मला मानिकपुरी, गणेश ठाकुर, सरोज ठाकुर, कुंती बाई ठाकुर, अनीता निषाद, भारती यादव, दुलेश्वरी साहू, वामन निर्मलकर,लोचन प्रसाद साहू,अनिल साहू, जयंती साहू, रविशंकर साहू, ओंकार साहू, राजकुमारी साहू,भूषण यादव, देवसिंग तुलसी,भूषण ठाकुर, सुनीता ठाकुर,गीता ठाकुर, विष्णु जोशी, ललिता पाटिल,देवकी धंधोरी, इंद्राणी यादव,रवि आदि मौजूद थे।

# विधायक देवेंद्र के जमानत पर कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल



**भिलाई।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन और एनएसयूआई द्वारा विधायक देवेन्द्र यादव को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने पर कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा ने बताया कि सिविक सेंटर, बीएसएनएल चौक सेक्टर 1 में आतिशबाजी कर पटाखा, मिठाई बांटकर खुशियां बनाई गई। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव छत्तीसगढ़ व भिलाई के जनहित के मुद्दे लगातार उठाते रहे है। उनकी वापसी से भिलाई वासियों में खुशियों का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर भिलाई लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिया, प्रणय गाडगे, सुरेंद्र बाघमारे,निखिल चौबे, दीपक पाल, युवराज चौरसिया, निभु सिंह,तौहीद अंसारी, कैलाश, साहिल, हरदीप, जयंत, एलेक्स समेत कांग्रेसीगण मौजूद थे।

### मुख्यंमंत्री से सौजन्य भेंट



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के जन्मदिन के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सौजन्य भेंटकर,जन्मदिन की बधाई दी।

### दो दिवसीय मानस महोत्सव कल से

**अंडा।** श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं चिंगरी के तत्वावधान में दो दिवसीय मानस महोत्सव 24 एवं 25 फरवरी को रखा गया हैं। उद्घाटन समारोह एवं दीप प्रज्वलन 24 फ़रवरी को सुबह 10 बजे अतिथि जपनद सदस्य बेला यादव , ग्राम चिंगरी सरपंच पुष्पा वागमारे, पुष्पा देशमुख, बेदनाथ भारद्वाज, मालिक राम साहू, आनंद बघेल, पोषण लाल साहू , संतोष पटेल, भोजराम साहू, अर्जुन साहू, विजय साहू, संतोष यदु, विनोद धीवर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिवस में विशेष अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा, माया बेलचंदन, केशव बंटी हरमुख,टिकेश्वरी लाल देशमुख, प्रीतपाल बेलचंदन, जयप्रकाश भारदीय, लिकेश्वर देशमुख, सुरेश साहू, दिग्विजय सिन्हा सरपंच, समापन समारोह 25 फरवरी को विशेष अतिथि नरेंद्र देशमुख रहेंगे।

### सेक्टर-7 में हुई आमसभा

# बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ श्रमिक सोसायटी एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी की आमसभा सेक्टर-7 स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यकारिणी में कांट्रेक्टर एवं श्रमिकों के हित में रखी गई। बीएसपी प्रबंधन द्वारा एक तरफा मनमानी किए जाने की स्थिति मे सभी कांट्रेक्टर से एकजुटता का आह्वान किया क्योंकि भिलाई इस्पात संयंत्र *प्रबंधन मे श्रमिकों की भागीदारी* की बात तो करता है लेकिन लाभ की स्थिति मे श्रमिकों को दरकिनार कर देता है इसलिए टेंडर मे ही न्युनतम वेज के प्रावधान से लेकर क्वाटर,तथा



चिकित्सा सुविधा प्रदान करना प्रबंधन ही सुनिश्चित करें आमसभा मे प्रमुख रूप से अध्यक्ष सीजू एंथोनी, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,नवीन सिंह, कोषाध्यक्ष वी के बाबू,जावेद अंसारी, राजेश सिन्हा, इंद्रजीत सिंह, राजेश गीड,एम मोहन,कमल अवस्थी,राजेश सिन्हा, इंद्रजीत सिंह,नंदु खंडेलवाल,राजेश शर्मा,राजू सिंह,शिव लखन,मोहन नायडू,आर के गुप्ता,राकेश यादव,वीर बहादुर सिंह,आइ ए दास,आर के सिन्हा,शंकर प्रसाद शर्मा,के चंद्रशेखरन,सी सतीश कुमार,बी के ठाकुर,अभय कुमार, जगन्नाथ पाल,अरूण वर्मा,शशी गुप्ता, मंजूर आलम,वी के मोहम्मद,महिपाल सिंह,सतीश दिमान, भानु प्रताप साहु,सर्वजीत सिंह इसरार अहमद,तारक सत्यदेव,विवेक कुमार, सैय्यद मीराज अली सहीत सैकड़ों की संख्या मे कांट्रेक्टर सदस्य मौजूद थे।








पुर्तगाल का जलवा

## लाइव इवेंट

### रुंगटा आर-1 ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 104 यूनिट ब्लड कलेक्ट



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी आर 1 द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 104 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, मेडिकल अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. विकास वर्मा, डॉ. प्रिया वर्मा, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, रूपेश सप्रे, कुसुम चंद्राकर, दिनेश, तीरथ यादव, काजल, माला देशमुख, प्रशिक्षणार्थी, कॉलेज से डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. मुकेश रूंगटा, डॉ. एस भारती, विक्की कुमार आदि मौजूद थे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह एक पुनित कार्य है। रुंगटा आर-1 के स्टूडेंट्स को धन्यवाद, जिन्होंने बढ़-चढ़कर शिविर में भाग लिया। ये ब्लड जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य रूप से थैलिसीमिया, गर्भवती, सिकलसेल, डायलिसिस के मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। ब्लड बैंक द्वारा नियमित रूप से समाजसेवी और शैक्षणिक संस्थाओं को ब्लड डोनेशन कैम्प के लिए प्रेरित कर रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा ब्लड कलेक्ट किया जा सके। ब्लड देने से शरीर को नुकसान नहीं है, डॉक्टरों के परामर्श से रक्तदान किया जा सकता है। इससे शरीर को फायदा ही होता है। शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समिति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### अर्जुन क्रीड़ा मंडल के कबड्डी खिलाड़ी दीपक का नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन



**भिलाई।** अर्जुन क्रीड़ा मंडल एवं व्यायाम शाला भिलाई-3 द्वारा भिलाई चरोदा सहित संपूर्ण जिले के युवाओं के लिए एक आदर्श क्लब के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है। यहां युवाओं को कबड्डी सहित विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षण, सामग्री एवं मैदान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही आधुनिक जिम के माध्यम से युवा पीढ़ी को स्वस्थ एवं मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं की बड़ी भागीदारी होने लगी है। इसी कड़ी में क्लब के खिलाड़ी दीपेंद्र भुइया का नेशनल लेवल पर चयन हुआ है। दीपेंद्र भुइया कटक उड़ीसा में हो रहे अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में 23 फरवरी तक छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। दीपेंद्र भुइया की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका भिलाई चरोदा के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत बघेल ने बधाई दी। अर्जुन क्रीड़ा मंडल एवं व्यायाम शाला के कप्तान राजपाल लोकेश पोरतें, सुजीत सोनकर, सुधीर, वीरेंद्र ढीमर, पंचू ढीमर, सुनील ढीमर, तुषार, रजत साहू राम तानडी, नवीन कुमार टीम मैनेजर संजय नेताम प्रशिक्षक अशोक प्रधान जितेंद्र सोनी, दीपेश शर्मा रामचरण यादव, ओमप्रकाश पटेल सुनील वर्मा, विनोद वर्मा अभिषेक महतो, ईश्वर वर्मा, एलिस पटेल पोषण यादव, रजत शाह, समाजसेवी रामकुमार साहू, दीपक देवांगन ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी भूपेश कुमार यादव ने दी।

### रिसाली में 25 और 26 को महिला संगवारी बाजार, समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी



**भिलाई।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रिसाली में दो दिवसीय महिला संगवारी बाजार का विशेष आयोजन किया जा रहा है। 25 और 26 फरवरी को रिसाली व्यापारी संघ और नगर निगम रिसाली के सहयोग से रिसाली गांव में महिला संगवारी बाजार में विभिन्न महिला समूह द्वारा निर्मित सामानों की बिक्री के अलावा अन्य विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता और भजन संध्या की विशेष प्रस्तुति होगी। महिला संगवारी बाजार के आयोजन की अध्यक्षता ख्याति महिला स्व सहायता समूह की लता सिरके द्वारा की जाएगी। इस आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन की ओर बढ़ते कदम में महिलाओं का एक प्लेटफार्म दिया जाएगा। जिससे महिलाएं अपने व्यापार को बढ़ाकर स्वयं का एक लघु उद्योग स्थापित कर सकें। महिला संगवारी बाजार के बारे में लता सिरके ने बताया कि अपने यहां महिलाओं को एमएसएमई की गाइडलाइन के अनुसार महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की विभिन्न योजनाओ से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप आयोजित महिला संगवारी बाजार के आयोजन में रिसाली व्यापारी संघ एवं नगर निगम रिसाली की विशेष सहभागिता रहेगी।

## टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से साइंस कॉलेज में वर्चुअल उद्घाटन, यहीं से होगा ऑपरेट

# इनक्यूबेशन सेंटर ने जिले में शुरू किया काम, दो दिन के कॉन्क्लेव में 15 से ज्यादा इनोवेटिव आइडिया पर चर्चा, कार्बन उत्सर्जन कम करने बड़ा प्लान

**स्टार्टअप को बढ़ावा देने और नए इनोवेटिव आइडियास को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने दुर्ग में भी इन्क्यूबेशन सेंटर खुल गया है। इसका पिछले दिनों वर्चुअल उद्घाटन किया गया। साइंस कॉलेज कैम्पस में ग्रीन रूप के करीब ही एक छोटे से कमरे से फिलहाल इसे ऑपरेट किया जा रहा है। इसी जगह पर फिजिकल रूप में जल्द ही इसे रन किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त राजीव पांडेय प्रमुख रूप से शामिल हुए। दो से तीन बड़े इन्वेस्टर्स को भी आमंत्रित किया गया, जिन्हें स्टार्टअप के अंतर्गत सामने आए आइडिया से अवगत कराया गया। इन्वेस्टर्स ने भी खासी रूचि दिखाई। करियर गाइडेंस के साथ रोजगार के लिए इसे मील का पत्थर माना जा रहा है।**

दुर्ग। अधिकारियों ने बताया कि यह एक अपने तरह का को-वर्किंग सेंटर होगा। स्टार्टअप कंपनियां भी यहां ऑपरेट करेंगी। इस तरह से एक तरह की सोच वाले उद्यमी एक ही स्थान पर काम करेंगे, इससे वे आपस में विचारों को साझा भी करेंगे, जिससे नवाचार का एक बेहतरीन वातावरण तैयार होगा। साइंस कॉलेज दुर्ग में एक ऐतिहासिक इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इसमें उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने और क्षेत्र में स्टार्टअप इकॉसिस्टम को बढ़ावा देने पर मंथन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में निवेशकों के एक प्रतिष्ठित पैनल के सामने अपने नवीन व्यावसायिक विचारों को पेश किया। कलेक्टर ने बताया कि इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्टार्टअप और निवेशकों के बीच एक गतिशील इंटरफ़ेस बनाना, सहयोग, सलाह और फंडिंग के अवसरों को प्रोत्साहित करना है। जिला इनक्यूबेशन हब की स्थापना दुर्ग क्षेत्र और उसके लोगों के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी आकार के स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए की गई है।





### इनक्यूब फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से की गई स्थापना

जिला प्रशासन के समर्थन और इनक्यूब फाउंडेशन मुंबई के व्यापक नेटवर्क तक पहुंच के साथ हब का उद्देश्य स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और महिलाओं और कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को सशक्त बनाना है। कृषि, हस्तशिल्प और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए सलाह और बुनियादी ढांचा प्रदान करना। नवाचार और उद्यमशीलता की सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी करना। जिला इन्क्यूबेशन हब इनक्यूब फाउंडेशन (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई का इनक्यूबेशन सेंटर) और दुर्ग जिला प्रशासन की एक संयुक्त पहल है। इनक्यूब फाउंडेशन की शुरुआत 2012 में मुंबई में हुई थी। फरवरी 2022 में इनक्यूब फाउंडेशन को एक स्वतंत्र सेक्शन 8 कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया। स्थापना के बाद से इनक्यूब फाउंडेशन ने 350 से अधिक उद्यमों का मार्गदर्शन किया है।

### स्टार्टअप से जुड़े 17 युवाओं के आइडियास पर मंथन

कॉन्क्लेव में दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर सहित अन्य जिलों के करीब 17 युवाओं के आइडिया पर चर्चा की गई, इन युवाओं के आइडिया के आधार पर प्लांट स्थापित किया जाना है। इन्वेस्टर्स ने इस पर भी रूचि भी दिखाई। जल्द इस पर काम भी शुरू होना है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से रिसाइकिल और रियूज मॉडल को पसंद किया गया। पुणे की कंपनी ने इस पर रूचि दिखाई। इसके अंदर ऑयल और पेंट के पुराने डिब्बों को रिसाइकिल किए जाने पर प्लांट स्थापित करने पर सहमति बनाई गई। इसी प्रकार वेस्ट मटेरियल को रिसाइकिल किया जाना और माइग्रेंट लेबर का डाटा कलेक्शन के लिए एप्लीकेशन। इसके लिए ऑनलाइन साथी एप्लीकेशन तैयार किया गया है, जिसमें ऐसे लेबर के रिकार्ड अपडेट किए जा रहे हैं, जिन्हें आज भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।





### बिजनेस आइडिया को बिजनेस मॉडल बनाने की दिशा में कर रहे काम

हम बिजनेस आइडिया को बिजनेस मॉडल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो इकॉनामी को सपोर्ट कर पाए। लाइवलीहुड को डेवलप कर पाए। ऐसे स्टार्टअप जो ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों को फोकस कर काम कर रहे हैं। रिसाइकिल पेपर बनाने, वेस्ट मैनेजमैंट, कैमिकल वेस्ट पर हम काम कर रहे हैं। आर्ट पेपर की मदद से कस्टमाइज पेपर तैयार करेंगे। स्टार्टअप के जरिए ही ये काम होना है। इंडस्ट्री के पहले से ही वर्केबल मॉडल है। उनका सहयोग लिया जाएगा। दुर्ग संभाग के युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से प्रशिक्षण दिया गया है। इंडस्ट्रीज ने फंडिंग के लिए सहमति दी है।

**- अजित गुलाटी,** जिला परियोजना अधिकारी इन्क्यूबेशन सेंटर दुर्ग

## मार्बल रॉक की खदानें देखीं, मूर्तियां बनाने के तरीकों को भी जाना




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूगोल विभाग द्वारा एम. ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्रों को भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल मिश्रा के निर्देशन पर 5 ग्रुप में बांटकर मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थलों जबलपुर, धुआंधार जलप्रपात, भेड़ाघाट, सतपुड़ा पहाड़, मैहर, बरगी डेम, मार्बल रॉक प्वाइंट, बैलेंसिंग रॉक, चुना फैक्ट्री आदि स्थनों का पीएम उषा 2.0 मद से भ्रमण करवाया गया। इसमें विद्यार्थियो को मार्बल रॉक की खदानों, मार्बल से बनने वाली चीजें जैसे मूर्तियां , घरेलू सामग्री , इत्यादि विभिन्न प्रकार की छोटे छोटे उद्योगों की जानकारी दी गई। नर्मदा नदी और उसके धार्मिक महत्व का वहां के व्यवसाय एवं पर्यटन उद्योग पर पडने वाले प्रभावों का अध्ययन छात्रों के द्वारा किया गया नर्मदा नदी के द्वारा निक्षेपित जलोढ़ मृदा का वहां की फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी छात्रों ने किया। विद्यार्थियों ने जबलपुर की कृषि पद्धति को बहुत करीब से देखा और कृषि में फसल चक्र का भी अध्ययन किया। वहां के निवासियों को रोजगार देने में नर्मदा नदी के महत्व को समझा। शासकीय ऑटोनॉमस कॉलेज जबलपुर के प्रोफेसर डॉ. अजय तिवारी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने जबलपुर, मैहर एवं भेड़ाघाट नगर के भौगोलिक स्थिति और महत्व का अध्ययन किया। इस भौगोलिक भ्रमण में महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक प्रशांत दुबे, सहायक प्रध्यापक ओंमकुमारी वर्मा एवं सहायक प्रध्यापक डुमल लाल साहू के साथ 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सशक्त स्त्री सशक्त समाज चिंतन दिवस पर बताया हैडवाश का तरीका

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विवेकानंद सभागार और साक्षरता भवन सिविल लाइन में चिंतन दिवस पर हैंडवाश के सही और सरल तरीके की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मानसी गुलाटी थीं। सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर किया गया। छात्र-छात्राओं को बताया कि इस दिन को स्काउट गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेड़ेन पावेल और उनकी धर्मपत्नी पावेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों को बताया गया कि इस बार का चिंतन दिवस हमारी आवाज थीम पर था, जो महिला सशक्तिकरण के ऊपर आधारित रहा। डॉ. गुलाटी ने फिजिकल, मेंटल इमोशन, फिटनेस के साथ ही वर्तमान समय में महिलाओं को अपनी स्थिति को कैसे सुधार सकती हैं, इसके बारे में बालिकाओं को बताया। दिनचर्या को स्वास्थ्य रखने के लिए सही खानपान समय पर सोने जागने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सनशाइन हायर सेकंडरी स्कूल, आदर्श स्कूल, तिलक स्कूल के बच्चे मौजूद थे।



## नवमीं पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति का होगा आयोजन, हुई बैठक

# श्रीरामनवमी उत्सव में 1101 मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राएं होंगी शामिल, पारंपरिक अखाड़े व पुष्पवर्षा आकर्षण का केंद्र

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। ट्विनसिटी में आयोजित होने वाले श्रीरामनवमी उत्सव एवं शोभायात्रा को लेकर शनिवार को श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक सेक्टर-9 में आयोजित की गई। इस वर्ष 6 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य श्रीरामनवमी उत्सव में 1101 मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राएं शामिल होंगी, जिनमें बाबा भोलेनाथ, भगवान चतुर्भुजी, माँ बम्लेश्वरी और माँ दंतेश्वरी की झांकी, पारंपरिक अखाड़े, पंथी नृत्य, राउत नाचा एवं भजन संध्या सहित पुष्पवर्षा रामभक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में समिति के संरक्षक, प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए आयोजन पर प्रकाश डाला। बैठक में समिति के युवा विंग अध्यक्ष एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, आदर्श और नैतिकता की मिसाल है। उनके चरित्र से हमें समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। इस वर्ष श्रीरामनवमी के अवसर पर आयोजन और भी विशेष होगा, जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



### अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना आवश्यक- प्रेम प्रकाश

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आज जब विज्ञान और तकनीक में हम निरंतर प्रगति कर रहे हैं, ऐसे समय में हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना आवश्यक है। हमारी परंपराओं में प्रकृति पूजन का विशेष महत्व है, जिसमें पर्वत, नदियों, वृक्षों और पक्षियों की पूजा की जाती है। यह हमारी प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी का पर्व हमें न केवल धार्मिक रूप से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी जोड़ता है।

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने श्रीरामनवमी उत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। शोभायात्रा के दौरान पुष्पवर्षा और झांकियों के माध्यम से इसे भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। साथ ही, शहर के विभिन्न स्थानों पर रामायण पाठ, भजन संध्या और धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

### दिखेगी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर

जिला अध्यक्ष मदन सेन ने बताया कि आज से 10 मार्च तक सभी प्रखंडों एवं वार्डों की बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं 23 मार्च को ध्वज प्रमुखों का सम्मान कार्यक्रम बीएसएनएल चौक, सेक्टर-1 के समीप मैदान में संपन्न किया जाएगा। समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने बताया कि इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में 1101 मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राएं शामिल होंगी, जिनमें बाबा भोलेनाथ, भगवान चतुर्भुजी, माँ बम्लेश्वरी और माँ दंतेश्वरी की शोभायात्राएं प्रमुख होंगी। इस आयोजन में भव्य झांकियां, पारंपरिक अखाड़े, पंथी नृत्य, राउत नाचा एवं भजन संध्या विशेष आकर्षण होंगे, जो धार्मिक आस्था और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाएंगे। बैठक में कोर कमेटी के सभी सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं सभी शाखाओं के प्रत्येक प्रखंड के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## रात्रिकालीन फुटबॉल स्पर्धा में सन एफसी ने 1-0 से जीता मैच



**भिलाई।** न्यू मशाल फुटबॉल क्लब के द्वारा रात्रि कालिन फुटबॉल प्रतियोगिता 9 ए फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा मौजूद थे। कोर्सेवाड़ा ने पहले भगवान बजरंगबली की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर मैच का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि मेरा लगातार दूसरा वर्ष है जो मैं इस आयोजन समिति फुटबॉल के आयोजन में शामिल हुआ हूं।खेलना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। फुटबॉल खेलने से तन मन में ऊर्जा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन,लाल बहादुर वर्मा, पार्षद डे साहब वर्मा भी मौजूद थे। पहला मैच बी.एफ.ए. रिसाली भिलाई और सन फुटबॉल के मध्य खेला गया। जिसमें सन एफ सी ने 1-0 से मुकाबला जीता। दूसरा मैच बेहद रोमांचक रहते हुए डब्लू. आर.एस.कॉलोनी रायपुर ने यूनाइटेड भिलाई को 2-0 से पराजित किया। फुटबॉल आयोजन में समिति के संरक्षक प्रेमलाल साहू, अध्यक्ष दीपक थापा, सचिव संजय सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश राउत, ज्ञानदास मानिकपुरी ,दयादास साहू का योगदान रहा है।

- **रात्रिकालीन फूटबाल स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ**

**लाइव इवेंट**

## छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे डॉ. खूबचंद बघेल



**भिलाई।** शासकीय डॉ खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई तीन में डॉ खूबचंद बघेल पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अश्वनी महाजन ने डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ की स्वाभिमान को जगाने और संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। डॉ. बघेल छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। उनकी गिनती छत्तीसगढ़ के प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहली आवाज और छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम स्वप्नदृष्टा थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षिणिक स्टाफ द्वारा छात्र-छात्राओं को डॉ. बघेल उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। संचालन उमा आडिल ने किया।

- **भिलाई तीन कॉलेज में मना डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि**

**समाज इवेंट**

## बसंतोत्सव में गीत, कविता पाठ की सजी महफिल,बांसुरी से मोहा मन



**भिलाई।** अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग द्वारा इस वर्ष भी बसंतोत्सव का वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन सुनीति उद्यान सेक्टर 8 भिलाई में किया गया। जिसमें अंचल के कवियों ने अपनी-अपनी विधा में रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन के बाद आशा झा की सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग के अध्यक्ष आर एस यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार समीर त्रिपाठी और विशेष अतिथि संजीव तिवारी व आशा झा उपस्थित रही। वसंतोत्सव के इस कार्यक्रम में हिन्दी, छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ अवधी में भी साहित्यकारों ने अपनी-अपनी विधा में गीत, गजल, हजल व कविता पाठ कर खूब वाह-वाही बटोरी। साहित्य संसद के कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के कवियों में राम बरन कोरी, कशिश, अचानक, गोरखपुरी, हाजी, रियाज खान, गौहर अलकरहा जी टी, पीसी गुप्ता, राजेश महाड़िक, नरेश विश्वकर्मा, ओमवीर करन, डॉ नौशाद सिद्दीकी, नावेद रज़ा, लक्ष्मण ललखेर, मो अबू तारिक, मनोज शुक्ला, ताराचंद शर्मा मथुरिया, इन्दरचंद लुनिया, अधिवक्ता संघ दुर्ग के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, सुभाष सतपथी उपस्थित थे। इस अवसर पर अंचल के बांसुरी वादक शिव नारायण ने अपनी बांसुरी वादन से लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन कवियत्री अनुराधा बक्शी ने किया। अभिभाषक साहित्य संसद के कार्यक्रम के समापन के बाद वरिष्ठ साहित्यकार स्व राधेश्याम सिन्दूरिया और साहित्यकार व अधिवक्ता स्व ओम प्रकाश शर्मा को याद करते हुए श्रद्धाजलि अर्पित की गई।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवारको सुबह 10.30 बजे से शिव मंदिर आश्रय तंद्रालय, आंगनबाड़ी क्रं.4 के पास, उमरपोटी में किया गया है। इस शिविर में दुर्ग-भिलाई के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं जांच के साथ ही दवाईयों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

● **गजानन महाराज मंदिर हुडको में मनाया गया 46वां प्रकट दिनोंत्सव, श्रद्धालुओं ने किया हरि कीर्तन**

# प्रगटोत्सव में निकाली पालकी यात्रा, पारंपरिक व्यंजनों व गोपाल काला का लगाया भोग, महाभंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भिलाई।** श्री गजानन महाराज गुणगान मंडल हुडको में संत गजानन का प्रगटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। गजानन महाराज हुडको मंदिर में 46वां महोत्सव माघ संकष्टी चतुर्थी से माघ माह के नवमी तिथि तक आयोजित किया गया था। जिसके अंतिम दिन शनिवार को हरिपाठ के बाद दिन में महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूजा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी मंदिर पहुंचकर महाराज की पूजा की और आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने उपस्थित होकर गजानन महाराज के दर्शन कर आर्शिवाद लिया और महाभंडारे में प्रसादी का वितरण भी किया। शाम को आरती के बाद पालकी यात्रा निकाली गई। जो विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए निकली। इस सात दिवसीय महोत्सव में विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान सुबह पूजा पाठ कर रंगोली व सुंदर फूलों से मंदिर को सजाकर गजानन महाराज की मूर्ति पूजा व अभिषेक किया गया। शनिवार की सुबह 9 बजे से पूजा व आरती, 10 बजे धामणगांव, महाराष्ट्र द्वारा भजन, कीर्तन, हरिपाठ व दोपहर को 1 बजे के बाद महा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। छोटे बालक के रूप में वेद कुमार गाडगे ने दही हांडी तोड़ी। सुबह 10 बजे अनुपमा संजय देशकर द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। यह माना जाता है की गजानन महाराज भगवान गणेश के अवतार है। गजानन मंदिर में आज गोपाल काला का विशेष प्रसाद के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गोपाल काला का प्रसाद सभी ऊंच-नीच का भेदभाव भूलकर सभी गजानन भक्त प्रेम से गोपाल काला का प्रसाद ग्रहण करते हैं।



**महाभंडारे में श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद**



इस प्रसाद में विशेष दही पोहा, नारियल, शक्कर, नींबू, आम का अचार फल मिर्ची के मिश्रण से प्रसाद तैयार होता है। गजानन महाराज के विशेष प्रसाद ज्वांर की रोटी, बेसन, मोदक, मिर्ची का ढेचा, प्याज गजानन महाराज प्रिय भोजन होने के कारण आज आयोजित महाभंडारे में सभी भक्तों को यह प्रसाद वितरित किया गया था। इस अवसर पर शाम को 5 बजे से संत सेवा समिति सेक्टर 2 दवरा हरिपाठ व भजन-कीर्तन किया गया। उसके बाद 6.30 बजे से गजानन महाराज पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर गजानन महाराज मंडल के परिवार के सभी सदस्य विशेष रुप से कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### 46वें वर्ष में हुए अनुष्ठान

हुडको में स्थित श्री गजानन महाराज का मंदिर भव्य और जीवंत है। श्री गजानन महाराज प्रकट दिनोत्सव के अवसर पर श्री गजानन महाराज गुणगान मंडल भिलाई के द्वारा प्रतिवर्ष अनुष्ठान तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मंदिर में श्री गणपति पूजन, पुण्याहवाचन, कलश स्थापना, लघु रुद्राभिषेक, श्रीजी आरती, प्रसाद वितरण इत्यादि का आयोजन किया गया। आज के दिन मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के इस आयोजन में संस्थापक सदस्य कापसे काका, राजेश धारकर, अनूप जोशी, संजय राठी, अजय राजू नांगले, अश्विनी नागले, बृजलता चौबे, सुषमा चंद्राकर, प्रतुल परशुराम भेलोड़े, मुकुंद भोम्बे, विनीता श्रीवास्तव, सुचिता राजहंस, नीलिमा सचदेव, निहारिका राजे, प्रियंका जैन, कीर्ति, शीबा प्रभाष, पुष्पलता नेताम, शुभड़ा कामड़े, नीता बेनर्जी, लक्ष्मी प्रसाद वैध, संगीता बंछोर, अंशु चड्ढा, मोगिया सिंह सहित काफी सामाजिक जन उपस्थित थे।





**आयोजन...**

## दुर्लभ डाक टिकटों की प्रदर्शनी देखने बच्चों में दिखा उत्साह, हुए पुरस्कृत




**डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स 2025 का समापन**

**भिलाई।** भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा कला मंदिर भिलाई सिविक सेंटर में डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स 2025 के दो दिवसीय आयोजन का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमूल्य प्रियदर्शी बीएसपी महाप्रबंधक, पद्मश्री उषा बारले पंडवानी कलाकार, दिनेश कुमार मिस्त्री निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर और कार्यक्रम के आयोजक बी एल जांगड़े प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग एवं सुरेश राव फिलाटेलिस्ट सहित अन्य वरिष्ठ डाक टिकट संग्रहक, अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे भी उपस्थित रहे। आयोजन में वरिष्ठ वर्ग से कुल 13 व कनिष्ट वर्ग से कुल 12 व आमंत्रित वर्ग से कुल 7 प्रतिभागियों के फिलाटेली डाक टिकट के संग्रह का प्रदर्शनी किया गया है। इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिए प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में नगर वासियों की काफी रुचि रही है और इसमें नये डाक टिकट संग्रहकर्ताओं की पहचान की गई है। शनिवार को पंडवानी लोक संस्कृति पर विशेष आवरण का विमोचन किया गया। जिसके द्वारा पंडवानी लोक संस्कृति को न केवल छत्तीसगढ़ में अपितु देश-विदेश के आम लोगों तक पहुंचाने का डाक विभाग के द्वारा प्रयास किया गया। कार्यक्रम में दोनों दिन विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों का प्रदर्शनी देखने के लिए तांता लग रहा। इस दौरान फिलाटेली पेंटिंग ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फिलाटेली पर आयोजित वर्कशॉप में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्यूरी मेंबर कैप्टन विजय वाधवा और कुमेश जैन द्वारा डाक टिकट प्रदर्शनी में भाग लेने वाले वरिष्ठ वर्ग, कनिष्ठ वर्ग और आमंत्रित वर्ग के प्रतिभागियों के विजेताओं की घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। डाक विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य की प्रस्तुति देकर इस आयोजन को और रोचक बनाया।

**कल निकलेगी कलशयात्रा**

## महादेव के अहिल्येश्वर शिवलिंग की होगी प्राण-प्रतिष्ठा, जुटेंगे श्रद्धालु



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पाल समाज अहिल्या धाम प्रांगण में बुधवार को महाशिवरात्री के अवसर पर भगवान बाबा बैद्यनाथधाम के प्रतिरुप में निर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग रुप में अहिलेश्वर शिवलिंग का स्थापना किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थापना के दो दिन पहले सोमवार को दोपहर 3 बजे से कलश यात्रा महिला श्रद्धालुओं द्वारा निकाली जायेगी। इस दौरान बैकुंठधाम सरोवर से जल लेकर बाजे गाजे के साथ अहिल्या धाम मंदिर प्रांगण में पहुंचकर वेदी पूजा, गंगा पूजा जलाधिवास, संध्या आरती कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। मंगलवार को दोपहर 2 बजे से भगवान भोलेनाथ अहिल्येश्वर का नगर भ्रमण धूमधाम से भक्तों द्वारा निकाला जाएगा। जिसमें श्रद्धालु मंदिर परिसर से हाऊसिंग बोर्ड एसबीआई बैंक होते हुए वनांचल सिटी के सामने, शांती चौक से वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचेगा। इस दौरान अन्नाधिवास, घृतधिवास, शर्कराधिवास, शयनाधिवास के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया जायेगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सुबह से वेदी पूजन, शिवलिंग स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा, शिवलिंग अभिषेक, नामकरण, विवाह, पूर्णाहुति, आरती के बाद महाभंडारे में प्रसाद वितरण किया जायेगा। यह धार्मिक आयोजन छत्तीसगढ़ पाल समाज व भोलेनाथ के भक्तों द्वारा देश-प्रदेश व समाज के सुख-शांती सौहार्द्र के लिये किया जा रहा है। जिसमें सभी जनमानस को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजकों ने भगवान भोलेनाथ अहिल्येश्वर के बाबा बैद्यनाथधाम के प्रतिरुप में निर्मित मंदिर में भगवान अहिल्येश्वर के स्थापना में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने अपील की है।

- **भगवान बाबा बैद्यनाथधाम के प्रतिरुप में निर्मित मंदिर में अहिलेश्वर शिवलिंग की होगी स्थापना**

**भिलाई विद्यालय में बच्चों ने दी सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति**

# स्काउटिंग सिखाती है सीमित संसाधनों से जीवन-यापन के तरीके, विश्व चिंतन दिवस पर लार्ड बेडेन को किया याद

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई के तत्वाधान में स्काउटिंग के जनक लार्ड बेडेन पॉवेल के जन्मदिन पर शनिवार को भिलाई विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। विश्व चिंतन दिवस 2025 में विभिन्न गतिविधियों द्वारा बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने, सही ढंग से जीवन यापन करने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमारी कहानी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा एवं जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं गाइड शिखा दुबे उपस्थित थी।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। जिला आयुक्त स्काउट और भिलाई विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने स्वागत भाषण दिया।




**स्काउटिंग के जनक लार्ड बेडेन के जन्मदिन पर विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया**

### विषय को रटे नहीं, बल्कि उसे समझे: शिखा

मुख्य अतिथि शिखा दुबे ने कार्यक्रम के विषय हमारी कहानी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गर्ल्स गाइड और गर्ल्स स्काउटिंग की सामूहिक और व्यक्तिगत भूमिका को समझने का यह एक अच्छा अवसर है। उन्होंने अपनी कहानी साझा करते हुए बताया कि उनकी भी स्कूली शिक्षा बीएसपी शिक्षा विभाग से ही हुई है साथ ही शुरु से ही वे स्काउट गाइड गतिविधियों से जुड़ी रही है। उन्होंने जीवन में अनुशासन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे हम समय का उचित प्रबंधन सीखते है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी विषय को पढ़ते समय रटे नहीं, बल्कि उसे समझे, लगातार प्रयास करें, एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही यह भी बताया कि स्काउटिंग हमें सीमित संसाधनों से जीवन यापन का तरीका सिखाती है। गाइड श्रेया शाह ने लार्ड बेडेन पावेल के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

### दी सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान आर्या पाण्डे, देवकी रेड्डी, नफीसा एवं राजदीप सिंह के द्वारा विभिन्न धर्मो के संदेशो का वाचन किया गया। सचिव जिला संघ भिलाई सरिता शाक्या ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सुधीर सिंह, सपना अवस्थी, जयदेव दीक्षित एवं आर जेना ने सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष उर्वशी साहू, शिक्षा विभाग से अशोक सिंह, प्रधान पाठक पी आर साहू, दिनेश पांडेय, विमल टहनगुरिया, डी के साहू, पवन कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं गाइड से सत्यनारायण साहू एवं कीर्ति लता देशमुख, रोवर लीडर्स अविनाश, श्रवण कुमार साहू ने कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी।



सिटी स्पोर्ट्स

## वेटरन बैडमिंटन में राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों ने विभिन्न आयु वर्ग में जीते टाइटल्स



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में रायगढ़ में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित राज्य वेटरन बैडमिंटन स्पर्धा के 70 वर्ष आयु समूह पुरुष एकल फाइनल में रायपुर के खड़ख बहादुर सिंह ने बिलासपुर के दीपक राजनकर को 21-17, 21-16 से हरा कर खिताब जीत लिया।

वहीं इसी वर्ग आयु समूह के पुरुष युगल फाइनल में खड़क बहादुर सिंह और कोरबा के सुधीर रेगे की जोड़ी ने भिलाई के सपन बैनर्जी और बिलासपुर के दीपक राजनकर की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हरा कर खिताब हासिल किया।

खड़क सिंह 21 मार्च से गोवा में शुरू होने वाली वेटरन नेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।उल्लेखनीय है कि खड़क सिंह पूर्व में राष्ट्रीय वेटरन बैडमिंटन स्पर्धा के विजेता बन चुके हैं।

स्पर्धा के 65 वर्ष आयु समूह पुरुष युगल फाइनल में रायपुर के ही वीरपाल सिंह वर्मा और बी।एन।बागची ने कोरबा के जोगेश सामन्ता और दुर्ग के साइमन विलियम को 18-21,26-24,21-18 से हरा कर खिताब हासिल किया।

55 वर्ष आयु समूह पुरुष युगल फाइनल में रायपुर के शशांक शर्मा और सुनील मालानी ने सरगुजा के आंनद धर दीवान व राजेश गुप्ता की जोड़ी को 21-16,21-18 से हरा कर खिताब हासिल किया।

## नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित



**रायपुर।** 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए रायपुर से 05 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जो 23 से 26 फरवरी तक हरियाणा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ी आर्यन साहू, नवेश अंसारी, राज साहू, दिव्यांशी खोबरागड़े, एकता पटेल शामिल है। खिलाड़ियों के चयन पर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिसमे अध्यक्ष सैय्यद रज़ा, सचिव अनूप यदु, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंह, संयुक्त सचिव अश्विनी यदु, उपाध्यक्ष गणेश गौसेवक, सदस्य निधि पांडे और शकुंतला पटेल आदि शामिल है।

## इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल के लिए खिलाड़ी रवाना



**रायपुर।** न्यू दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 24 से 28 फरवरी तक आयोजित इंडियन टीम के लिए ट्रायल रखा गया है। जिसमें डीपीएस बिलासपुर की शूटिंग टीम से मनीत कौर मक्कड़, कृतिका ठाकुर, जिज्ञासा प्रधान एवं आरना कुरैशी शामिल है। यह सभी निशानेबाज़ राष्ट्रीय स्तर में प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त कर चुके हैं। इनका चयन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इनके कोच पवन दुबे है। निशानेबाजों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ,खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन ,राजनारायण श्री मोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा, शूटिंग कोच पवन दुबे आदि ने बधाई दी है।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस योगासन प्रतियोगिता के लिए पूनम चयनित

**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस



प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 मार्च तक चंडीगढ़ पंजाब में आयोजित होना है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दल का गठन करने हेतु चयन ट्रायल 21 फरवरी को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिले से पूनम पटले पालिटेक्निक कॉलेज महासमुंद, शिखा शर्मा, जयश्री कश्यप का चयन हुआ हैं। जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनके चयन होने पर प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज चंद्रिका विश्वकर्मा एवं समस्त स्टॉफ, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संदीप पटले, भीमराव घोड़ेसवार, कोकिला घोड़ेसवार, दीपांशु, प्रियांशु ने बधाई दी है।

महिलाओं को कुछ बीमारियों का जोखिम होता है अधिक

# महिलाओं में इन परेशानियों का होता है ज्यादा खतरा कम उम्र से ही शुरू कर दें बचाव तो रहेंगी सेहतमंद

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिला हों या पुरुष या फिर बच्चे, सभी उम्र के लोगों में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जिसको ध्यान में रखते हुए सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि महिलाओं में किन बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### स्तन कैंसर का जोखिम

स्तन कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, हर साल इस कैंसर के कारण लाखों महिलाओं की मौत भी हो जाती है। महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है। स्तन की कोशिकाओं में अनियंत्रित रूप से वृद्धि इस कैंसर का खतरा बढ़ा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 20 लाख महिलाएं स्तन कैंसर का शिकार पाई जा रही हैं। इस कैंसर से बचे रहने के लिए 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित रूप से मैमोग्राफी कराएं। कम उम्र से ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, संतुलित आहार लें और नियमित व्यायाम करें। यदि आपके परिवार में किसी को पहले से स्तन कैंसर रहा हो तो इस बारे में डॉक्टर से सलाह लें और बचाव के उपाय करें।



### ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की समस्या)

ऑस्टियोपोरोसिस के कारण आपकी हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं में यह समस्या रजोनिवृत्ति के बाद अधिक देखी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होने लगता है और इसकी कमी हड्डियों की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है।

नेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुसार, 50 वर्ष से अधिक उम्र की लगभग 50% महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम रहता है। इससे बचाव के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त आहार लें। अपने आहार में दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें। इसके अलावा नियमित रूप वॉकिंग, योग और वेट ट्रेनिंग जैसे अभ्यास करें।

### हृदय रोगों को लेकर भी रहें सावधान



हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण रहे हैं। वैसे तो महिला हो या पुरुष सभी में इसका जोखिम देखा जाता रहा है पर विशेष कुछ कारणों से महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, महिलाओं में दिल की बीमारी से मृत्यु का खतरा पुरुषों से अधिक हो सकता है। हालांकि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जैसे थकान, जी मिचलाना, पीठ या जबड़े में दर्द। हृदय रोगों से बचाव के लिए हेल्दी डाइट अपनाएं, ट्रांस फैट और अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराएं ।



## जीवन में चाहिए सफलता तो जरूर दें इन बातों पर ध्यान

दुनिया के हर एक देश में नीति शास्त्र की रचनाएं हर दौर में होती रही है। इन नीति शास्त्रों में जीवन के हर पहलू के बारे में बताया है। उनकी ये नीति युवाओं का मार्गदर्शित करने के साथ-साथ इंसान के जीवन को भी बेहतरीन बनाती है। ऐसे नीति शास्त्र कहते हैं कि, व्यक्ति को हमेशा समय से पहले और समय के बाद किसी भी काम को नहीं करना चाहिए। इससे जीवन में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे नीति शास्त्र व्यक्ति को किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले आत्मचिंतन करने की सलाह देते हैं। इसके अलावा इन शास्त्रों कहना है कि ये सब बातें अगर हमारे अनुरूप हैं, तो व्यक्ति को सफल बनने से कोई नहीं रोक सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं कि, ऐसे नीति शास्त्रों के अनुसार किन चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए।

### समय का ध्यान रखें

व्यक्ति को हमेशा किसी भी काम को करने से पहले समय का विचार करना चाहिए। यदि आप काम को समय पर नहीं करते हैं, तो बाद में असफलता ही हाथ लगती है। इसलिए किसी भी काम को करने से पहले उसके सही समय की पहचान कर लें, क्योंकि सफलता के पीछे समय का बहुत बड़ा योगदान होता है।

### सच्चा मित्र

जीवन में सभी रिश्तों का अपना अलग महत्व होता है। रिश्तें ही व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं। चाणक्य की नीति के अनुसार, जीवन में सफलता पाने के लिए किसी सच्चे मित्र का साथ होना जरूरी होता है। एक सच्चे मित्र के सहयोग से आप सफलता की सीढ़ियां आसानी से चढ़ सकते हैं। इसलिए सच्चे मित्रों की पहचान करना बेहद जरूरी है।

### आय और व्यय का विचार



व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर विचार करना चाहिए। यदि आपकी आय अधिक नहीं हैं, तो खर्चे भी कम करें अन्यथा आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। इसलिए व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर हमेशा विचार करते रहना चाहिए।

### सीखना ना छोड़ें

नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी जीवन में सीखने की कला को नही छोड़ना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर सीखना जरूरी है। इसलिए कुछ अच्छा सीखने को मिलता है, तो जरूर सीखना चाहिए।

### मेहनत

सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए इंसान को हमेशा कड़ी मेहनती करनी चाहिए। नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी दूसरों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप खुद ही ईमानदारी से मेहनत करें।



## सीनियर प्लेट ग्रुप क्रिकेट में जारी है रोमांचक दौर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 21 से 23 फरवरी की श्रृंखला में शनिवार को दूसरे दिन 3 मैच खेले गये।

### दंतेवाडा के विरुद्ध बस्तर की 142 रनों से जीत

ग्रुप बी का तीसरा तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं दंतेवाडा के मध्य धमतरी में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 84 रन बनाये। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने सर्वाधिक नाबाद 21 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजूमदार ने 5 विकेट, उत्कर्ष ठाकुर तथा पलाश मंडल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने अपनी पहली पारी में 69 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 57 रन तथा आदित्य गुहा ने 44 रनों का योगदान दिया। दंतेवाडा की ओर से अनूप सिंह ने 5 विकेट तथा विजय कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किये। दंतेवाडा अपनी दूसरी पारी में 22.4 ओवरों में 5 रन बनाकर आलआउट हो गयी। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने सर्वाधिक 25 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 5 विकेट तथा पलाश मंडल ने 3 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच एक पारी तथा 142 रनों से जीत लिया।

### कांकेर के विरुद्ध राजनांदगांव की 150 रनों से जीत

ग्रुप बी का चौथा तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं कांकेर के मध्य कांकेर में खेला गया। कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 374 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर ने 90 रन तथा प्रतिक त्रिपाठी ने 79 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से हर्ष यादव, अभिषेक कोर्राम, विवेक कुमार तथा शशांक नेताम ने 2-2 विकेट प्राप्त हासिल किए। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 50.3



धमतरी के शशांक ने बनाए 122 रन

ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 105 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से तनिष्क कश्यप ने 39 रन तथा अजय नेताम ने 23 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से गौरव मिश्रा ने 4 विकेट तथा देवराज साहु ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोआन खेलने उतरी कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 33.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 119 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से तौकीर ने सर्वाधिक 23 रन बनाये वहीं राजनांदगांव की ओर से उज्जवल दीवान ने 5 विकेट चटकाये। राजनांदगांव ने मैच एक पारी तथा 150 रनों से जीत लिया।

### धमतरी के विरुद्ध कोरबा 67 रनों से आगे

ग्रुप डी का दूसरा तीन दिवसीय मैच कोरबा एवं धमतरी के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। कोरबा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 83.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 122 रन तथा खेमकरन फरीकार ने 119 रन बनाये। वहीं कोरबा की ओर से प्रतीक भारती एवं दुर्गेश साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। कोरबा ने अपनी पहली पारी में 35.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाये। कोरबा की ओर से पुष्पराज सिदार ने सर्वाधिक 51 रनों का योगदान दिया। वहीं धमतरी की ओर से खेमकरन फरीकार ने 3 विकेट, नवदिप तथा भूषण यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। फॉलोआन खेलने उतरी कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन की समाप्ति तक 55.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 250 रन बनाये। कोरबा की ओर से डेसमंड डग्लस ने 58 रन तथा सुमित अग्रवाल ने 48 रनों का योगदान दिया। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी तथा भूषण यादव ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक कोरबा 67 रनों से आगे है।

## आपके इंडक्शन पर भी बनेगी फूली हुई रोटियां



अक्सर लोगों के साथ यही परेशानी आती है कि इंडक्शन पर गैस की तरह फूली हुई रोटियां नहीं बन पाती है। आपके साथ भी बिल्कुल ऐसा ही होता होगा। पराठे, पूड़ी आदि तो इसपर फूल जाती हैं, लेकिन रोटी बनाने में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में एक ऐसी ट्रिक बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से आप मिनटों में फूली हुई रोटियां इंडक्शन पर भी बना सकती हैं।

### ऐसे बनाएं इंडक्शन पर फूली हुई फुलकी

इसके लिए आपको सबसे पहले इंडक्शन पर तवा रखना होगा। फिर तवे को अच्छी तरह गर्म कर लें।गर्म तवे पर रोटी को दोनों तरह से हल्का सेंक लें। इसके बाद रोटी हटाकर उसपर स्टील की जाली रखें। इस स्टील की जाली पर आपको अब रोटी रखनी है और सिकने देना है। एक तरफ से सिक जाने के बाद चिमटे की मदद से इसे दूसरी तरफ से भी सेकें। आपकी चपाती एकदम फूल जाएगी।

कार्नर न्यूज

शास्त्रों में बहुत कुछ कहा गया है दिशाओं को लेकर

# दक्षिण मुखी घरों को माना जाता है अशुभ घर बनाने से पहले जानिए इसका आधार

वास्तु में सभी दिशाओं का अलग महत्व है और हर दिशा किसी न किसी स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाती है। जब घर के मुख्य द्वार की बात आती है तो इसके लिए भी कुछ शुभ दिशाएं हैं। हमारे मन में घर के मुख्य द्वार को लेकर कई सवाल उठते हैं और ऐसा कहा जाता है कि अगर वास्तु के अनुसार आप अपने घर में चीजों का निर्धारण करते हैं और मुख्य द्वार को सजाते हैं तो घर में हमेशा समृद्धि बनी रहती है। इसी वजह से वास्तु आपको घर का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखने की सलाह देता है। वहीं कुछ ऐसी दिशाएं भी हैं जिनकी तरफ मुख वाला घर वास्तु में शुभ नहीं माना जाता है और इस दिशा में घर न बनाने की सलाह भी दी जाती है।

वास्तुकला और ज्योतिष में ऐसी ही एक मान्यता घर की दिशा से संबंधित है। जबकि घर खरीदते या बनाते समय हम कई अन्य बातों का भी ध्यान रखते हैं। ऐसे ही कारक हैं जिनमें मुख्य द्वार की दिशा की बात की जाती है। एस्ट्रोलॉजर शीतल शपारिया से जानें आखिर क्यों दक्षिणमुखी घर को अशुभ माना जाता है और यदि आप इस तरह के घर में रखते हैं तो आपको किन वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए।



### दक्षिणमुखी घर को क्यों माना जाता है अशुभ

कई संस्कृतियों में दक्षिणमुखी घरों को अक्सर दुर्भाग्य लाने वाला माना जाता है। इस धारणा के पीछे कई कारण हैं और वास्तु की मानें तो घर की दिशा उसकी समग्र ऊर्जा और निवासियों पर प्रभाव को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यदि दक्षिण मुखी घरों की बात करें तो इस तरह के घरों में धूप कम आती है जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होने लगता है। मान्यता है कि सूर्य की ऊर्जा का प्रवेश कम होने की वजह से इस तरह के घरों में रहने वालों के लिए वित्त और व्यक्तिगत समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### वास्तु शास्त्र और दक्षिण मुखी घरों पर इसका प्रभाव

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन वास्तुशिल्प सिद्धांत है जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। यह मकानों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करता है। वास्तु की मानें तो घर का मुख जिस दिशा में है, वह उसमें प्रवाहित होने वाली ऊर्जाओं को प्रभावित कर सकता है।



दक्षिणमुखी घरों को अक्सर अशुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत होते हैं। वहीं इसके विपरीत उत्तर दिशा को घर के लिए सबसे अनुकूल दिशा माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देती है। दूसरी ओर, दक्षिण दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा हुआ माना जाता है, यही वजह है कि कभी-कभी दक्षिण मुखी घर बनाने से मना किया जाता है।

### दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है

यदि हम वास्तु से हटकर ज्योतिष की बात करते हैं तो मान्यता है कि दक्षिण दिशा को यम की दिशा कहा जाता है और जो घर इस दिशा की तरफ होते हैं उनमें रहने वाले लोगों को वित्त और रिश्तों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस दिशा को पितरों की दिशा भी माना जाता है, इसलिए इस दिशा में घर बनवाने की मनाही होती है।

यदि हम विज्ञान की मानें तो घर की दिशा का उसमें रहने वालों के जीवन में किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# कोरियाई अभिनेत्री किम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, 'ब्लडहाउंड्स' में आई थीं नजर



दक्षिण कोरियाई अभिनेत्री किम से-रॉन का 24 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 16 फरवरी को कोरियाई मीडिया में अभिनेत्री की मौत का दावा किया गया। कथित तौर पर वह सियोल के सेओंगडोंग-गु में अपने घर पर मृत पाई गईं। किम को हाल ही में नेटफ्लिक्स शो ब्लडहाउंड्स में देखा गया था।

कोरिया हेराल्ड ने दावा किया कि किम का शव उनके दोस्त ने अभिनेत्री के घर पर देखा, जिसने रविवार को शाम 4:50-5:00 बजे के आसपास पुलिस को फोन किया। पुलिस ने उसके अपार्टमेंट में किसी भी तरह की गड़बड़ी या तोड़फोड़ के संकेत से इनकार किया और उसकी मौत के कारणों की जांच कर रही है। इस मामले में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'अभी तक बाहरी घुसपैठ या अन्य आपराधिक संदेह के किसी सबूत की पुष्टि नहीं हुई है। मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।' किम एक डीयूआई मामले में उलझी हुई थी और एक साल से ज्यादा समय से कम प्रोफाइल रख रही थी। मई 2022 में एक बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराने के बाद शराब के नशे में गाड़ी चलाने के लिए पुलिस ने उन पर मामला दर्ज किया था। ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की वजह से पड़ोस में बिजली गुल हो गई थी। उसके खून में एल्कोहल की मात्रा 0.2 प्रतिशत तक होने की वजह से उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। अभिनेत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उन्होंने अपनी एजेंसी और एक हस्तलिखित पत्र के जरिए इस घटना के लिए माफी मांगी। उन्होंने नुकसान उठाने वालों को मुआवजा भी दिया।

### टॉलीवुड

# फिर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने आ रहे तेजा सज्जा, आ रही है 'मिराई'



साल 2024 में तेजा सज्जा ने फिल्म 'हनुमान' से खूब चर्चा बटोरी। कम बजट की इस फिल्म ने साउथ से लेकर हिंदी पट्टी तक जमकर कमाई की। तेजा अब इस साल फिल्म 'मिराई' के जरिए दर्शकों तक पहुंचने को तैयार हैं। पैन इंडिया स्टार बन चुके तेजा सज्जा की इस फिल्म की रिलीज डेट का आज शनिवार को एलान हो चुका है। फिल्म 'मिराई' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 01 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। आज फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए तेजा सज्जा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म 'मिराई' का निर्देशन कार्तिक घट्टमनेनी कर रहे हैं।

फिल्म 'हनु-मान' ने तेजा सज्जा को पैन इंडिया स्टार बना दिया। उनकी फिल्म 'मिराई' का भी दर्शकों को इंतजार है। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म बताई जा रही है। कार्तिक घट्टमनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म को टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में तेजा सज्जा के अलावा मनोज मांचू और ऋतिका नायक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।

तेजा सज्जा की इस फिल्म को आठ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसे तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, मराठी और चीनी भाषा में दर्शकों तक पहुंचाए जाने की तैयारी है। फिल्म 'हनुमान' से तेजा का जादू दर्शकों पर खूब चला, ऐसे में उनकी इस फिल्म से भी एक बड़े दर्शक वर्ग की उम्मीदें बंधी हैं।

### छॉलीवुड

# धूम मचा रहा 'मानव मार्केट' का गीत 'तेरे नैना बावरे'



भिलाई टाकीज पिक्चर्स, वान्या फिल्म्स प्रोडक्शन और निम्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म 'मानव मार्केट' का अगला बहुप्रतीक्षित गीत 'तेरे नैना बावरे' 18 फरवरी को सोनोटेक म्युज़िक कम्पनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हो चुका है। रिलीज़ होते ही इस गाने को दर्शकों का बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म के लेखक-निर्देशक गुलाम हैदर मंसूरी और निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल, निम्मी रोशन सवाने और गुलाम हैदर मंसूरी हैं। फिल्म 'मानव मार्केट' स्वास्थ्य सेवा के नाम पर हो रहे व्यापार को उजागर करने की एक कोशिश है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। गाने 'तेरे नैना बावरे' का संगीत और कम्पोजिंग सेराज अहमद ने की है, वहीं गाने के बोल गुलाम हैदर मंसूरी ने लिखे हैं। इस गीत को अपनी सुरीली आवाज में जोहेब अहमद ने गाया है। गाने की म्युजिक अरेंजमेंट और प्रोग्रामिंग में जोहेब अहमद, सेराज अहमद और युगल किशोर सिन्हा का योगदान है। इस गाने को गो-ऑन म्युजिक मुम्बई स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया है। कोरियोग्राफी की जिम्मेदारी सुहान खां ने संभाली है, जिन्होंने गाने को बेहतरीन विजुअल अपील दी है। 'मानव मार्केट' का पिछला गीत 'कलयुग के भगवान' पहले ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुका है, और अब 'तेरे नैना बावरे' एक अलग हटकर रोमांटिक सूफी गाने के रूप में आया है। इस गाने की मेलोडी और सूफियाना अंदाज दर्शकों को खासा पसंद आ रहा है। फिल्म 'मानव मार्केट' को जल्द ही सिनेमाघरों में भी रिलीज़ किया जाएगा। इसके अलावा, फिल्म के सभी गीतों को क्रमशः सोनोटेक कैसेट कंपनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा।

## लाइफ स्टाइल

### पुर्तगाल का जलवा

पुर्तगाल का फैशन यूरोप को प्रभावित करता है। न्यूयार्क फैशन वीक में पिछले दिनों 'चेरी गर्ल' का सौंदर्य छाया रहा। चेरी गर्ल जीवंत लाल, गहरे गुलाबी और जीवन के रसीले पक्ष को लाती है। इसी तरह मेटेलिक डिजाइन के कपड़े और होलोग्राफिक फिनिश का भी जवाब नही। यह एक ऐसा चलन है जो स्टाइल के साथ-साथ इनोवेशन के बारे में भी है। इसे भरपूर तारीफ मिली।



# किचन में पड़ी इन सब्जियों से हटाएं टैनिंग, चमक उठेगा चेहरा

बाजार में टैनिंग हटाने के कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, लेकिन अगर आप प्राकृतिक और घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं, तो आपकी रसोई में मौजूद कुछ सब्जियां बेहद फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ये न सिर्फ टैनिंग को हल्का करती हैं, बल्कि त्वचा को पोषण देकर उसे चमकदार भी बनाती हैं।

**आलू:** आलू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो टैनिंग और काले धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंजाइम और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को निखारते हैं।

**उपयोग का तरीका:** आलू को कद्दूकस कर उसका रस निकालें और प्रभावित हिस्से पर 15-20 मिनट तक लगाकर धो लें। चाहें तो आलू के स्लाइस को सीधे टैनिंग वाली जगह पर रगड़ सकते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करके उसे साफ और चमकदार बनाता है।

**उपयोग का तरीका::** टमाटर का रस निकालकर टैनिंग वाली जगह पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। अधिक प्रभाव के लिए टमाटर और दही का पेस्ट बनाकर लगाएं।

**खीरा:** खीरे में ठंडक पहुंचाने और हाइड्रेट करने वाले गुण होते हैं, जो धूप से झुलसी त्वचा को राहत देते हैं। यह त्वचा को ताजगी देकर टैनिंग को कम करता है।

**उपयोग का तरीका::** खीरे को कद्दूकस करके या रस निकालकर



टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसमें गुलाब जल मिलाकर लगाएं।

**नींबू:** नींबू में प्राकृतिक एसिड होता है, जो डेड स्किन हटाकर टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है।

**उपयोग ा तरीका::** ताजा नींबू का रस टैन वाली जगह पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। शहद मिलाकर लगाने से त्वचा ज्यादा मॉइस्चराइज रहेगी। नींबू लगाने के बाद तुरंत धूप में न जाएं, वरना त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो सकती है।

# जींस के साथ स्टाइल करें शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप, मिलेगी भरपूर तारीफ




अगर आप ऑफिस में फॉर्मल और कहीं घूमने के दौरान कैजुअल चाहती हैं तो आप इस तरह का टॉप स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ऑफिस में फॉर्मल लुक के लिए टॉप बेस्ट ऑप्शन है साथ ही, फॉर्मल लुक पाने के लिए के लिए महिलाएं टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप जींस में कैजुअल या फॉर्मल लुक चाहती हैं तो आप शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप जहां अप घूमने के दौरान वियर कर सकती हैं तो वहीं इस टॉप को आप ऑफिस में वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप न्यू लुक पान के लिए बेस्ट है तो वहीं इन टॉप में आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।



### कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप

जींस के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप व्हाइट कलर में है और साथ इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के टॉप आप जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती है तो आप इस तरह की सॉलिड प्रिंट टॉप भी स्टाइल कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### फ्लोरल प्रिंट टॉप

स्टाइलिश और न्यू लुक के लिए अप इस तरह का फ्लोरल प्रिंट टॉप का भी चुनाव कर सकती है। यह टॉप डार्क कलर में है साथ ही इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल पैटर्न में डिजाइन बनाया गया है। और टॉप को ऑफिस साथ ही बाहर कहीं आउटिंग के दौरान भी वियर कर सकती हैं। यह टॉप आपको 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। फ्लोरल पेटर्न में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के टॉप का भी चुनाव कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा।

### प्लेन टॉप

ऑफिस में पहनने के लिए आप इस तरह के कालर वाले टॉप का भी चुनाव कर सकती हैं। ये टॉप प्लेन है साथ ही, ये पफ स्लीव्स में आता है।

# साड़ी और सूट के साथ स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले कंगन

सूट या साड़ी के साथ अपने लुक को कम्पलीट करने के साथ ही स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं ज्वेलरी स्टाइल करती हैं। इसी के साथ महिलाएं हाथों में चूड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं और रॉयल लुक भी चाहती हैं तो आप कंगन स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले कंगन दिखा रहे हैं जो आप सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह कंगन लेटेस्ट डिजाइंस में है और इन कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### स्टोन वर्क कंगन

न्यू लुक के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क कंगन स्टाइल कर सकती है। इन कंगन में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही ये गोल्ड प्लेटेड में है। इस तरह का स्टोन वर्क कंगन आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी ये कंगन 200 से 300 रुपये की कीमत में मिल सकते हैं।

अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में कुछ चाहती हैं तो आप इस तरह के कंगन स्टाइल



कर सकती हैं और इस कंगन में को लाइट या ब्राइट कलर के सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### कुंदन वर्क कंगन

सूट या साड़ी के साथ आप इस तरह के कुंदन वर्क वाली कंगन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कंगन न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस कंगन को आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह के कंगन आप डार्क कलर की साड़ी या फिर ब्लैक सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

# बालों के लिए इस्तेमाल करें लौंग का पानी, एक्सपर्ट से जानें इसके फायदे

जब भी हम किसी के लंबे और घने बाल देखते हैं, तो अपने बालों को देखकर अजीब लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे बाल खराब से नजर आते हैं। इसका कारण होता है बालों की सही तरीके से केयर न करना। साथ ही, हिटिंग टूल्स को ज्यादा इस्तेमाल करना। ऐसे में जरूरी है कि आप बाजार की चीजों का कम इस्तेमाल करें और घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल ज्यादा करें। लौंग इसमें से एक है, जिसे ट्राई करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह देते हैं। इसके पानी को बनाने और इसे लगाने के तरीके को हमारे साथ डॉक्टर स्वाति ने शेयर किया। जिसे आप भी ट्राई कर सकते हैं। साथ ही, इसके फायदे भी जानें।

### लौंग के पानी के फायदे

बालों को हेल्दी रखना है, तो आपको घरेलू चीजों का इस्तेमाल सबसे ज्यादा करना चाहिए। लौंग के पानी को आप अपने बालों में लगा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा



देने में मदद करते हैं। इससे आपके बालों की ग्रोथ, स्कैल्प की देखभाल और बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। इसे आप घर पर कभी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

एक कप पानी में 4 से 5 लौंग डालें। अब इस पानी को अच्छे से उबाल लें। फिर पानी को ठंडा होने के बाद छानकर एक जार में स्टोर कर लें।


## कार्नर न्यूज

### ऑनलाइन खरीददारी में बरतें सावधानी

# ऑनलाइन खरीद रहे हैं टी-शर्ट तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना पैसे बर्बाद

अगर आप टी-शर्ट ऑनलाइन खरीदने की सोच रहे हैं, तो इन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि आपको सही फिटिंग, अच्छी क्वालिटी और बेहतरीन डील मिल सके।

एक समय था, जब लोग हर छोटी-बड़ी चीज खरीदने के लिए बाजार जाया करते हैं और अच्छी तरह से देखभाल के बाद ही खरीदारी किया करते थे। लेकिन अब समय पूरी तरह से बदल गया है। आज के समय लोग एक क्लिक पर सामान खरीद लेते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग का भूत लोगों के सिर चढ़कर इस कदर बोल रहा है कि अब तो लोग कपड़ों से लेकर सब्जियां भी ऑनलाइन ही खरीदते हैं। पर, क्या आप जानते हैं ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं। आज हम आपको बताएंगे कि यदि आप ऑनलाइट टीशर्ट खरीद रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, ताकि आपके पैसे बर्बाद होने से बच जाएं।



### चेक करें साइज चार्ट

टीशर्ट खरीदते समय ये ध्यान रखें कि हर ब्रांड का साइज अलग होता है। इसलिए सबसे पहले साइज चार्ट को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसकी तुलना अपने शरीर से सही नाप से करें और फिर उसके बाद ही ऑॅर्डर करें।

अगर आप ढीली टी-शर्टपसंद करते हैं, तो एक साइज बड़ा चुन सकते हैं।

### फैब्रिक के बारे में पढ़ें

टी-शर्ट खरीदते समय उसके फैब्रिक के बारे में पढ़ें। गर्मियों का मौसम आने जा रहा है, ऐसे में टी-शर्ट का फैब्रिक आरामदायक और टिकाऊ होना जरूरी है। गलत फैब्रिक चुनने से आपको इसे पहनने में दिक्कत हो सकती है।

### प्रोडक्ट रिव्यू देखें

जब भी ऑनलाइन कुछ खरीद रही हैं तो उसके रिव्यू अवश्य पढ़ें और असली तस्वीरों पर एक नजर अवश्य डालें। जो भी टीशर्ट खरीद रहे हैं वो कम से कम 4 स्टार रेटिंग वाली होनी चाहिए। अगर किसी ने फोटो के साथ रिव्यू दिया है, तो उसे जरूर देखें, ताकि आप सही चीज पर पैसे इंवेस्ट करें।

### कलर और प्रिंट का चुनाव सही करें

कई सेलर रिटर्न का विकल्प नहीं देते हैं। इसलिए सोच-समझ के ही टीशर्ट के रंग का चयन करें। जैसे कि डार्क कलर (ब्लैक, नेवी ब्लू, डार्क ग्रे) काफी स्टाइलिश लगते हैं।

